नई दिल्ली, सोमवार 6 अक्टूबर 2025 | आश्विन मास शुक्ल पक्ष-14 | वर्ष : 29, अंक : 173 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 | मौसम अधि. 29 न्यून. 22 | haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





दार्जिलिंग में बरपा कहर: केवल 12 घंटे में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश

# पुल टूटे...सड़कें बहीं, संचार व्यवस्था ध्वस्त, घर लापता...20 की मौत

सीएम ममता बेनर्जी आज दोपहर 3 बजे पहुंचेंगी प्रभावित इलाकों में

## भूस्खलन और सड़क मार्ग पर अवरोधों के कारण पूरे क्षेत्र में हजारों पर्यटक फंसे

## एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें बचाव कार्य में लगी

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में स्थित दार्जिलिंग की पहाड़ियों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुए। इन भूस्खलनों से 20 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग अभी तक लापता हैं। भूस्खलन के कारण कई घर पूरी तरह से बह गए। सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई जगहों पर सड़कें टूट गईं या मलबे से भर गईं। इससे आवागमन पूरी तरह से रुक गया। कई दूरदराज के गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से टूट गया। वे गांव अब अकेले पड़ गए हैं। नागराकाटा के धार गांव में मलबे से कम से कम 40 लोगों को बचाया गया जहां भारी भूस्खलन के कारण कई घर ध्वस्त हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और जिला प्रशासन की टीमें बचाव ▶▶ शेष पेज 5 पर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताया**



## सिलीगुड़ी के कंट्रोल रूम से नजर रखेंगी ममता

ममता बेनर्जी ने कहा कि भूटान में लगातार बारिश के कारण पानी उत्तर बंगाल में बह गया है। यह आपदा दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। हम बहुत दुखी हैं। मैंने मुख्य सचिव के साथ पांच प्रभावित जिलों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठकें कीं। मैं सुबह छह बजे से स्थिति पर नजर रख रही हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सोमवार दोपहर मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ उत्तर बंगाल के लिए रवाना होंगी और सिलीगुड़ी से स्थिति पर नजर रखेंगी। भूस्खलन और सड़क मार्ग पर अवरोधों के कारण पूरे क्षेत्र में हजारों पर्यटक फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### भारत ने महिला विश्व कप में पाकिस्तान को धोया



**कोलंबो ।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप 2025 के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हराया। विश्व कप में हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम की दूसरी जीत है। वहीं पाकिस्तान की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार है। कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए, इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए सिदरा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। भारत की ओर से क्रांति और दीप्ति ने 3-3 विकेट लिए। 248 रनों के जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। मुनीबा अली रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं। सदफ शमास 24 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुईं। क्रांति गौड़ ने उन्हें पवेलियन भेजा। आलिया रियाज दो रन ही बना सकीं। सिदरा आमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। गौड ने परवेज (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। सिदरा आमीन ने 81 रनों की पारी खेली। उन्हें स्नेह राणा ने आउट किया। 43वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सादिया इकबाल (शून्य) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 159 के स्कोर पर अंत कर दिया। यह भारतीय टीम की पाकिस्तान पर लगातार 12वीं जीत है।

सीईसी का 16 अफसरों की टीम के साथ राज्य में डेरा, बिहार विधानसभा इलेक्शन का काउंटडाउन शुरू

# सीईसी ज्ञानेश कुमार बोले- 22 नवंबर से पहले पूरा होगा चुनाव, वोटर 'मोबाइल' ले जा सकेंगे

- किसी भी मतदान केंद्र में 1200 से ज्यादा वोट नहीं होंगे, ये प्रक्रिया पूरे देश में लागू होगी
- बिहार के 90,217 बूथ लेवल अधिकारियों ने एक ऐसा कार्य किया जो पूरे देश में अनुकरणीय

एजेंसी ▶▶ पटना




बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर काउंटडाउन की शुरुआत हो गई है। पटना में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि पूरी प्रक्रिया 22 नवंबर से पहले समाप्त हो जाएगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मैं बिहार के सभी मतदाताओं से यह आह्वान करता हूं कि जिस तरह हम अपने त्योहारों को उल्लास और श्रद्धा से मनाते हैं...उसी तरह से लोकतंत्र के चुनाव के इस महापर्व को भी उत्सव की तरह मनाएं।

अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिम्मेदारी निभाएं और मतदान अवश्य करें। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल ही में बिहार में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य किया गया और हमारे सामने उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों ने न केवल अपने बूथों पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बूथ के बाहर फोन रखने की होगी व्यवस्था

सीईसी ने कहा कि अब देशभर में किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता पंजीकृत नहीं होंगे। यह नियम पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाएगा। आयोग ने 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग बूथ स्थापित करने की अनुमति दी है, जिससे मतदाताओं को सुविधा और भीड़-भाड़ से राहत मिल सके। इसके साथ ही हर बूथ पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था होगी, ताकि मतदान की हर गतिविधि पर रियल-टाइम निगरानी रखी जा सके। वहीं, बूथ के बाहर मोबाइल फोन रखने की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे मतदान केंद्र के अंदर किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक व्यवधान या गड़बड़ी न हो।

### पोलिंग एजेंट को मतदान शुरू होने से पहले भेजें

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की ओर से एक मॉक पोल होता है। मॉक पोल में प्रत्याशियों द्वारा नामित कैंडिडेट की ईवीएम पर पोलिंग होती है, इससे पारदर्शिता सामने आती है। बिहार के आगामी चुनाव में जो प्रत्याशी खड़े हों, वो अपने बूथों पर अपने पोलिंग एजेंट जरूर नामित करें। मतदान पूर्ण होने पर जो पोलिंग एजेंट उपस्थित होते हैं, वो बताते हैं कि कितने वोट पड़े, उन्हें भी बताया जाए। पोलिंग एजेंट को मतदान शुरू होने से पहले भेजें।

### नए वोटर कार्ड से होंगे चुनाव, इलेक्शन बाद एसआईआर अर्थहीन होता

*बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे? दो दिवसीय दौरे के बाद पटना से लौटने के पहले देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। भारतीय निर्वाचन आयोग ने रविवार को'एक्स' पर जानकारी दी कि दूसरे दिन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। ईसी ने साफ कहा कि जिनके वोटर कार्ड के डाटा में कोई परिवर्तन होगा, उन्हें 15 दिनों के अंदर एपिक, यानी वोटर कार्ड मिल जाएगा। जिनके पास पुराने वोटर कार्ड हैं और डाटा में कोई बदलाव नहीं है, वह उसी को सही मानेंगे। मतदान करने के लिए बाकी जिन दस्तावेजों को पहले से मान्य रखा गया था, वह आगे भी कायम रहेंगे।*

### एसआईआर का परिणाम संतोषजनक रहा, नाम जोड़ने की प्रक्रिया चलती रहेगी

*ईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अयोग्य वोटरों को हटाने और योग्य वोटरों को शामिल करने के लिए चलाए गए गहन विशेष पुनरीक्षण का परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक रहा है। अब भी कोई अयोग्य जुड़ा हुआ है या योग्य छूटा हुआ है तो उसका नाम हटाने-जोड़ने की प्रकिया चलती रहेगी। चुनाव के बाद यह प्रक्रिया अगले आदेश तक के लिए बंद हो जाएगी। चुनाव के पहले पुनरीक्षण हर बार होता है, इसलिए उसे चुनाव के बाद कराने की मांग का कोई अर्थ नहीं है।*

### पहली बार दिल्ली में ट्रेनिंग, मानदेय बढ़ाना उपलब्धि

*ईसी ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग की। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट्स- 1 की ट्रेनिंग कुछ माह पहले ही दिल्ली में ट्रेनिंग हुई। उसके बाद बूथ लेवल ऑफिसर्स की ट्रेनिंग हुई। इसके बाद देशभर के 700 बूथ लेवल सुपरवाइजर्स-एजेंट्स की ट्रेनिंग की गई। मतदाता सूची के मामले में विशेष गहन पुनरीक्षण बड़ा टास्क था। बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ तमाम अधिकारी, जो इस काम को करते हैं- उनका मानदेय भी बढ़ाया गया।*

कफ सिरप मौत मामले पर सरकार सख्त

# दवा फैक्ट्रियों की जांच के आदेश लापरवाही पर होंगे लाइसेंस रद्द

- कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में हाईलेवल बैठक हुई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में केंद्र सरकार ने सख्त फैसला लिया है। रविवार को इस मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक के बाद स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों को सख्त निर्देश दिए। पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के सभी जिले में मौजूद दवा फैक्ट्रियों की जांच होगी। जहां से नियम का पालन होता नजर नहीं आया, उस फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। हेल्थ सेक्रेटरी ने राज्यों से तत्काल इस मामले में संज्ञान लेने के लिए कहा है। बैठक में देश भर के 200 से भी ज्यादा स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। इन सभी के सामने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में नाराज़गी जताई। उन्होंने शेड्यूल एम अधिनियम के तहत सभी मानकों की जांच करने के लिए औषधि नियंत्रक अधिकारियों को आदेश दिया। स्वास्थ्य सचिव ने साफ किया कि बच्चों को सर्दी-जुकाम होने पर कॉम्बिनेशन दवा नहीं दें साथ ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खांसी की दवाओं के सुरक्षित इस्तेमाल पर हुआ मंथन

*सूत्रों से अनुसार इस बैठक में खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उनके विवेकपूर्ण उपयोग की समीक्षा हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक में खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उनके सही व सुरक्षित उपयोग को लेकर चर्चा की। सचिव ने सभी राज्यों से कहा कि वे रिवाइस्ड शेड्यूल एम के तहत तय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने दोहराया कि जो दवा निर्माता इन मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके लाइसेंस रद्द किए जाएं।*

### हर बच्चे की मौत के लिए कफ सिरप से नहीं

*देश के ड्रग कंट्रोलर डॉ.राजीव सिंह रघुवंशी ने कहा कि हर बच्चे की मौत के लिए कफ सिरप जिम्मेदार नहीं हालाँकि राजस्थान में चार में से दो और मध्य प्रदेश में लगभग 10 बच्चों की मौत कफ सिरप में मौजूद घातक रसायन की वजह से हुई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि जांच के दौरान कफ सिरप निर्माता फैक्ट्री में कई तरह की अनदेखी पाई गई। बाजार में बैच भेजने से पहले होने वाली जांच तक नहीं की गई। शेड्यूल एम को लेकर भी नियमों की ख़ामियां पाई गई।*

दिवाली से पहले फ्लाइट से यात्रा करने वालों को खुशखबरी

## डीजीसीए ने किराए को लेकर एयरलाइंस को दी कड़ी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिवाली से पहले हवाई यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस को चेतावनी दी है कि वे टिकटों के दाम बेतहाशा न बढ़ाएं। नियामक संस्था ने सभी घरेलू एयरलाइंस को फ्लाइट क्षमता बढ़ाने और किराए को सामान्य रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रियों को त्योहारी सीजन में ज्यादा कीमत न चुकानी पड़े। जारी बयान में कहा कि उसने एयरलाइंस से सक्रिय रूप से बातचीत की है ताकि यात्रियों को अत्यधिक टिकट दरों का बोझ न उठाना पड़े। यह कदम देशभर के प्रमुख हवाई मार्गों पर किरायों के रुझानों की समीक्षा के बाद उठाया गया है। डीजीसीए के निर्देश के ▶▶ शेष पेज 5 पर

एयर इंडिया के विमान में लैंडिंग से पहले तकनीकी गड़बड़ी

## जमीन से 400 फीट ऊपर था विमान अचानक खुला रैट और मचा 'हड़कंप'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




शनिवार को एयर इंडिया के एक बोइंग ड्रीमलाइनर विमान में लैंडिंग से पहले तकनीकी गड़बड़ी आई। विमान की रैम एयर टरबाइन (आरएटी) अपने आप सक्रिय हो गई जबकि विमान बर्मिंघम हवाई अड्डे से 400 फीट ऊपर था। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित रहे। जांच में पाया गया कि सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रॉलिक सिस्टम सामान्य थे। यह घटना उस वक्त हुई जब विमान बर्मिंघम हवाई अड्डे से सिर्फ 400 फीट ऊपर था। सौभाग्य से विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित रहे। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 117 ने अमृतसर से 4 अक्टूबर को दोपहर 12.52 बजे बर्मिंघम के ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्य सभा के उप सभापति, 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 पीठासीन अधिकारी और 16 सचिव भी सम्मेलन में लेंगे भाग

## डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाने का मंत्र देंगे लोकसभा अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 5 से 12 अक्तूबर 2025 तक ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भाग लेगा । भारतीय संसदीय शिष्टमंडल में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, संसद सदस्य (लोक सभा) और सीपीए कार्यकारी समिति के सदस्य, अनुराग शर्मा, सीडब्ल्यूपी संचालन समिति की सदस्य, डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, डॉ. के. सुधाकर, संसद सदस्य (राज्य सभा), रेखा शर्मा, डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े, लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, और राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी शामिल होंगे। इस वार्षिक सम्मेलन में भारत के 24 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों के 36 पीठासीन अधिकारी और 16 सचिव भी भाग लेंगे, जो सीपीए के सदस्य भी हैं। लोक सभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

उपभोक्ता मंत्रालय ने शुरू की जांच

## ई-कॉमर्स कंपनियों के हिडन चार्ज वाले खेल पर शिकंजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा कैश-ऑन-डिलीवरी ऑर्डर्स पर हिडन चार्ज लगाने की शिकायतों के बाद सरकार हरकत में आ गई है। उपभोक्ता मामलों का विभाग अब इन कंपनियों की जांच कर रहा है ताकि ग्राहकों को हो रहे संभावित नुकसान और गुमराह करने वाले तरीकों की सच्चाई सामने आ सके। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स पर जानकारी दी कि कई यूजर्स ने शिकायत की है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) ऑर्डर्स करते समय अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है। जोशी ने इसे एक डार्क पैटर्न बताया, यानी ऐसा तरीका जिससे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर उनसे पैसे वसूले जाएं। हालांकि, मंत्री ने अभी यह नहीं बताया कि किन-किन कंपनियों की जांच की जा रही है। जोशी की पोस्ट में एक यूजर का जिक्र किया गया है, जिसने फ्लिपकार्ट पर किए गए ऑर्डर का स्क्रीनशॉट साझा किया था। उसमें 'ऑफर हैंडलिंग फीस', 'पेमेंट हैंडलिंग फीस' और 'प्रोटेक्ट प्रॉमिस फीस' जैसे तीन अलग-अलग चार्ज दिखाए गए हैं। वहीं, ई-कॉमर्स कंपनी अमेजॉन ▶▶ शेष पेज 5 पर

पाकिस्तान पर गरजे संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, दी बड़ी चेतावनी

डॉ. भागवत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का अभिन्न अंग बताया

# पीओके भारत के घर का एक कमरा है, अजनबी लोग कब्जा किए बैठे, इसे वापस लेकर ही रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत के घर का एक कमरा बताया, जिस पर अजनबी लोग कब्जा कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि यह कमरा भारत का हिस्सा है और इसे एक दिन वापस लेना ही होगा।

सतना में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पूरा भारत एक घर है। लेकिन



हमारे घर का एक कमरा, जहां हमारी मेज, कुर्सी और कपड़े रखे थे उसे किसी ने कब्जा लिया है। एक दिन हमें उसे वापस लेना ही होगा। कार्यक्रम में मौजूद सिंधी समाज के लोगों का जिक्र करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि बहुत से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पहलगाम हमले पर डॉ. भागवत का बयान

इससे एक दिन पहले डॉ. मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा था कि इस घटना के बाद दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया ने यह साफ कर दिया है कि कौन भारत का सच्चा मित्र है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीतिक नेतृत्व की दृढ़ता, सेना का साहस और समाज की एकता ने इस हमले का मजबूत जवाब दिया।

# नकली इंजन ऑयल व फिल्टर रैकेट का भंडाफोड़, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम जिले की डीआईयू ने नकली इंजन ऑयल व फिल्टर का उत्पादन करने और बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ट्रेडमार्क (व्यापार चिह्न) उल्लंघन के आरोप में दो लोग गिरफ्तार किये गये। इनके नाम अशोक विहार निवासी दिनेश गुप्ता (64) और शालीमार बाग के रहने वाले राजेश गुप्ता बताये गये हैं।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार आरोपियों ने खुद को 'फ्लीटगार्ड' ब्रांड का अधिकृत वितरक बताकर थोक विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को धोखा दिया। पुलिस ने दिल्ली के बाजारों में नकली फिल्टर की बिक्री को लेकर 'फ्लीटगार्ड' के ब्रांड सुरक्षा प्रबंधक यशपाल सपरा की शिकायत के आधार पर अशोक विहार में आरोपियों से संबंधित परिसर में छापे मारे और 1600 नकली फिल्टर बरामद किये। इसके अलावा शालीमार बाग में भी एक स्थान पर छापा मारकर 98 नकली फिल्टर बरामद किये गये। दोनों स्थान पर छापेमारी के दौरान 130 डिब्बों में रखे गए कुल 1698 नकली फ्लीटगार्ड फिल्टर बरामद किये गये। पुलिस ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला और इसमें शामिल लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल आरोपी मेवात से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ जिले की साइबर पुलिस ने सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल एक आरोपी को मेवात इलाके से अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम मोहम्मद नसीम बताया गया है। वह गांव मुबारिकपुर पोस्ट ऑफिस पुन्हाना, जिला नूहं, हरियाणा हैं। इसने एक शख्स को ब्लैकमेल किया था। डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 5 जून को शिकायतकर्ता को एक अज्ञात महिला का फेसबुक मैसेंजर पर वीडियो कॉल आया, जो तुरंत डिस्कनेक्ट भी हो गया था। इसके तुरंत बाद उसे कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को साइबर पुलिस अधिकारी बताया। कहा कि उसका एक अश्लील वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया जाएगा। कॉल करने वाले ने उसे एक अन्य व्यक्ति से बात करवाई जिसने खुद को यूट्यूब कर्मचारी बताया और वीडियो हटाने के लिए पैसे मांगे। डर के मारे शिकायतकर्ता ने तीन ट्रांजेक्शन में 39,000 रुपये यूपीआई के जरिये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान संदिग्ध नंबरों और बैंक खातों में पंजीकृत मोबाइल नंबरों के कॉल विवरण प्राप्त किए गए और मनी ट्रेल की जांच की गई। आखिर में 26 वर्षीय नसीम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## लापता हुये दो बच्चों को कुछ ही घंटों में मां से मिलवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सदर बाजार थाने की पुलिस ने कुछ ही घंटों में 9 और 5 साल के दो लापता बच्चों को उनकी मां से सुरक्षित मिला दिया।¬ लापता बच्चों का परिवार नेपाल से बिहार होते हुए ट्रेन से दिल्ली आया था और वे हैदराबाद स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर जा रहे थे। 3 अक्टूबर को शाम लगभग 4 बजे एस त्रिपाठी पत्नी आर त्रिपाठी निवासी रूपन्देही, नेपाल नामक एक महिला ने कुतुब चौक, सदर बाजार स्थित पुलिस बूथ के कर्मचारियों से संपर्क किया। बताया कि दोपहर लगभग 1:30 बजे वह अपने दो बच्चों, के साथ पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंची थी। आगे हैदराबाद जाने के लिये उन्हें उसी दिन देर शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दूसरी ट्रेन पकड़नी थी। ट्रेन पकड़ने से पहले वे खरीदारी के लिए सदर बाजार आए थे। इसी बीच बाजार में भारी भीड़ के कारण उनके दोनों बच्चे उनसे बिछड़ गए। उन्होंने यह भी बताया कि उनके बच्चे हिंदी भाषा ठीक से नहीं जानते थे। इंस्पेक्टर सहदेव सिंह तोमर, एसएचओ सदर बाजार अपने स्टाफ के साथ बाजार क्षेत्र में पहले से ही मौजूद थे। गुमशुदा बच्चों की जानकारी मिलने पर बाजार में तुरंत ही उनकी तलाश शुरू कर दी गई। इसके अलावा इंस्पेक्टर राकेश कुमार (कानून एवं व्यवस्था) और इंस्पेक्टर बाबूलाल के नेतृत्व में दो अन्य टीमें भी गठित की गई। इनमें हेड कांस्टेबल धीरेंद्र, कांस्टेबल प्रहलाद, कांस्टेबल सतवीर और महिला कांस्टेबल अनीशा को शामिल किया गया। टीमों ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और आसपास के कई सीसीटीवी कैमरों की जांच और विश्लेषण किया गया। नाबालिग बच्चों की तस्वीरें पुलिसकर्मियों, आरडब्ल्यूए/एमडब्ल्यूए के सदस्यों के व्हाट्सएप ग्रुपों में भी प्रसारित की गई और स्थानीय स्तर पर पूछताछ की गई। अंततः पुलिस टीम के निरंतर और सतत प्रयासों का परिणाम निकला और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तीन घंटे के भीतर दोनों बच्चों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर से खोज निकाला गया। उन्होंने बताया कि वे पैदल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे क्योंकि उन्हें वहीं से हैदराबाद जाने वाली ट्रेन में सवार होना था। इसके बाद बच्चों को उनकी मां से मिलवाया गया, जिन्होंने बच्चों को सही सलामत पाकर राहत की सांस ली और दिल्ली पुलिस का धन्यवाद किया।

## दिल्ली में छापेमारी के दौरान 17 सौ किलोग्राम पटाखे जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इस महीने दीपावली से पहले राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में छापेमारी के दौरान 1,700 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए और सात लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने द्वारका, रोहिणी, उत्तम नगर, शास्त्री नगर, मुकुंदपुर और शाहदरा में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि ये अभियान वायु प्रदूषण से निपटने और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पटाखों के भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्देशों के अनुरूप चलाए गए। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अक्टूबर के महीने से लेकर पूरी सर्दी तक खराब रहती है। डीसीपी ने बताया कि छापेमारी में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1,645 किलोग्राम पटाखे और एक पिकअप ट्रक जब्त किया गया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मंडोली में एक और छापेमारी की गई जहां एक किराना दुकान के मालिक से 106 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए जिससे जब्त किए गए अवैध पटाखों का वजन बढ़कर 1,751 किलोग्राम हो गया। अधिकारी ने बताया कि पहले अभियान में एक टीम ने द्वारका, रोहिणी और उत्तम नगर में समन्वित छापेमारी के दौरान 916 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित पटाखों का भंडार बरामद किया। डीसीपी ने कहा, ११एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने किराना दुकान के मालिक आकाश गुप्ता (24) को गिरफ्तार कर लिया, जिसके घर से 13 कार्टन और एक बोरी प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए।

# नंदू गैंग को संसाधन उपलब्ध करवाने वाला किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



स्पेशल सेल की सदर्न रेंज ने कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग को बड़ा झटका दिया है। गैंग को संसाधन उपलब्ध करवाने वाले हरीश सैनी उर्फ हितेश उर्फ लकी को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी से हरियाणा के झज्जर जिले के बादली थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा भी हुआ है।

पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को एसीपी नीरज कुमार और इंस्पेक्टर सुमित कादियान के नेतृत्व में टीम ने निहाल विहार में छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी ने अपने कपड़ों के नीचे छिपाई सिंगल शॉट पिस्टल निकाली और टीम पर तान दी। लेकिन सतर्क जवानों ने उसे काबू कर लिया। मौके से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस कब्जे में लिये गये। हरीश सैनी झज्जर के लाड़पुर गांव में 17 जुलाई को हुए संदीप उर्फ बबलू हत्याकांड में वांछित था। जांच में सामने आया कि उसने यह हत्या कपिल सांगवान के निर्देश पर करवाने के लिए अपराधियों को सहायता दी थी। आरोपी पर पहले भी डकैती और आर्म्स एक्ट के तीन गंभीर मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से न केवल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, बल्कि यह भी उजागर हुआ है कि कैसे आम पृष्ठभूमि से आने वाले युवक अपराध जगत की गिरफ्त में फंस जाते हैं।

## पैरोल पर छूटने के बाद फरार हत्या का दोषी दिल्ली से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हुए हत्या के एक दोषी को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार बस टर्मिनल से गिरफ्तार किया है। दीपक कुमार उर्फ संजय (36) उत्तर प्रदेश के बागपत का रहने वाला है। उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस भी बरामद हुये।

पुलिस ने बताया कि दीपक आदतन अपराधी है। उसे वर्ष 2008 में हरियाणा के रोहतक में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराया गया था और 20 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। वह 2023 में पैरोल पर बाहर आने के बाद फरार हो गया था। दीपक पर हत्या के चार, लूटपाट के दो मामले समेत गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि दीपक के खिलाफ आर्म्स एक्ट और वाहन चोरी के मामले भी दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। वर्ष 2015 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बागपत में दो लोगों की हत्या की थी और बाद में दिल्ली के बाबा हरिदास नगर क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति की हत्या को अंजाम दिया था।

## डीटीसी की लगभग सभी बसों में एएफसीए सिस्टम लागू, कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की सभी बसों में जल्द ही ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीए) लागू होने वाला है। डीटीसी के अनुसार लगभग सभी बसों में यह सिस्टम लग चुका है, चंद बसों में ही इसे लगाना शेष है। यह कार्य भी चंद दिनों में ही पूरा होने वाला है। हालांकि डीटीसी ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर बकायदा पोस्ट कर कहा है कि दिल्ली की सभी डीटीसी व क्लस्टर बसों में एएफसीए लागू कर दिया गया है। इस सिस्टम के शत प्रतिशत लागू होने के बाद यात्रियों को डीटीसी बसों में यात्रा करने का अंदाज ही बदल जाएगा। वही इस सिस्टम से सभी बसों में कैशलेस टिकटिंग का फायदा भी बढ़ जाएगा। कैशलेस के लिए चलो ऐप से टिकट बुकिंग पर यात्री को सीधे 10 प्रतिशत तक की छूट का फायदा मिलने लगेगा। डीटीसी के एक आला अधिकारी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के शुरू होने से अब हर बस में परिचालक को एक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीएम) दी गई है। इसके जरिए यात्री कैश देकर टिकट लेने की बजाए अपनी सुविधा के अनुसार अपने डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई या नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से सीधे टिकट का भुगतान कर सकता हैं। यह प्रणाली पूरी तरह कैशलेस और पारदर्शी है, जिससे किराया वसूली में पारदर्शिता आएगी और प्रत्येक लेन-देन का रिकॉर्ड भी डीटीसी के पास डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा। अधिकारी ने कहा कि कैशलेस यात्रा से भ्रष्टाचार पर भी काफी हद तक अंकुश लगेगा और बगैर टिकट पकड़े जाने पर टिकट खो गई जैसे बहाने पर आपसी विवाद भी थम जाएगा।

## संगम विहार में 100 करोड़ के विकास कार्य शुरू

■ सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक चंदन चौधरी ने दो बस रूटों का भी किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और संगम विहार के विधायक चंदन कुमार चौधरी ने रविवार को क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। संगम विहार से दो नए डीटीसी बस रूटों की शुरुआत भी की गई है। बिधूड़ी ने बताया कि लगभग 100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों में सड़कों और नालों के निर्माण के साथ जल बोर्ड के कार्य भी शामिल हैं। इसमें जहां पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएंगी, वहीं सीवरेज का काम और जलभराव जैसी समस्याओं से मुक्ति के कार्य भी होंगे। क्षेत्र की सड़कों और गलियों की मरम्मत भी की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बिधूड़ी और विधायक चंदन कुमार चौधरी ने कहा कि संगम विहार को अब तक सबसे उपेक्षित क्षेत्र माना जाता रहा और लोग नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होते रहे हैं लेकिन अब दिन बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार संगम विहार को सबसे विकसित और सुंदर क्षेत्र बनाने के लिए कृतसंकल्प है। संगम विहार शूटिंग रेंज से डीटीसी के दो बस रूटों का भी सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक चंदन कुमार चौधरी ने उद्घाटन किया। एक रूट शूटिंग रेंज से महरौली तक तथा दूसरा शूटिंग रेंज से एम्स तक होगा।

## खादी को बढ़ावा देने से रोजगार और पर्यावरण की होगी रक्षा : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ खादी उत्सव में भाग लेते हुए उद्योग मंत्री ने लोगों से की इस दिवाली भारतीय उत्पाद खरीदने की अपील

खादी हमारे देश की आत्मा है। यह सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि मेहनतकश लोगों की इज़्ज़त और ग्रामीण भारत की धड़कन है। हर मीटर खादी पहनना मतलब अपने कारीगरों के हाथ मजबूत करना और पर्यावरण की रक्षा करना है। यह बातें रविवार को आईएनए दिल्ली खाट में उत्सव खादी उत्सव 2025 में शिरकत करने के दौरान दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। सिरसा ने बताया कि रविवार को दिल्ली के आईएनए दिल्ली हाट में भारत की पारंपरिक हैंडलूम और खादी विरासत का शानदार उत्सव खादी उत्सव 2025 मनाया गया। दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के नामी कॉलेजों मिरांडा हाउस, हिन्दू कॉलेज, खालसा कॉलेज और अपैरल ट्रेनिंग एंड डिज़ाइन सेंटर (एटीडीसी) के छात्रों ने खादी पर आधारित फैशन शो पेश किया, जो यह दिखाता है कि आज की युवा पीढ़ी भी खादी से जुड़कर गर्व महसूस करती है। सिरसा ने कहा कि फैशन इंडस्ट्री दुनिया की दूसरी प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्री मानी जाती है, जबकि खादी हाथ से बनी, टिकाऊ और प्रकृति के अनुकूल है। प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाओ अभियानों की वजह से देश में फिर से खादी के प्रति गर्व और आत्मनिर्भरता की भावना जागी है और मार्केट से चाइनीज सामान कम हो रहे हैं। जब हम खादी को बढ़ावा देते हैं, तो हम रोजगार और पर्यावरण दोनों का चयन करते हैं। सिरसा ने कहा कि यह उत्सव देश की आत्मनिर्भरता और 'स्वदेशी गौरव' की भावना का प्रतीक है। सिरसा ने कहा कि खादी उत्सव 2025 अब 15 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 100 से अधिक स्टॉल पर हस्तनिर्मित परिधान, कालीन, ज्वेलरी, सजावटी वस्तुएं, और पारंपरिक खाद्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। यह आयोजन दर्शाता है कि दिल्ली सरकार खादी और ग्रामोद्योग को सतत विकास और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एटीडीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश वैद और एटीडीसी के महानिदेशक डॉ. विजय माथुर भी मौजूद रहे। वहीं इस दौरान मंत्री सिरसा ने छह थीम आधारित फैशन प्रस्तुतियों की रचनात्मक टीमों को सम्मानित किया।

## पश्चिम विहार हत्याकांड मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सुलतानपुर में हत्या के मामले में फरार 31 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस टीम ने शुक्रवार को एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा जिसकी पहचान नांगलोई निवासी सलमान उर्फ लकी के रूप में हुई है। आरोपी पश्चिम विहार पूर्वी में 15 मई को दर्ज किए गए एक मामले में वांछित था। पुलिस ने कहा कि यह मामला ज्वालापुरी में पेट्रोल पंप के पास हुए एक हिंसक हमले से संबंधित है, जहां पुरानी रंजिश के कारण सलमान ने अपने साथियों के साथ मिलकर कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या कर दी और अन्य तीन को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल की।

### अंतरराज्यीय ब्राह्मण सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# भगवान परशुराम का जीवन ज्ञान, साहस और मर्यादा का है अद्भुत संगम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भगवान परशुराम का जीवन ज्ञान, साहस और मर्यादा का अद्भुत संगम है। उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि धर्म का सार केवल आचरण में नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने यह विचार रविवार को पीतमपुरा स्थित वेस्ट एन्क्लेव में श्री मैथिली ब्राह्मण सभा, दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय ब्राह्मण सम्मेलन में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के अनुसार ब्राह्मण समाज ने सदैव ज्ञान, संस्कृति और धर्म के माध्यम से समाज को दिशा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य हर वर्ग के लोगों को समान अवसर और aसभी समुदायों के योगदान को सम्मान के साथ स्वीकार करना है। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, हरियाणा सरकार के मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विधायक पूनम भारद्वाज सहित अनेक गणमान्यजन, सामाजिक प्रतिनिधि और विभिन्न राज्यों से आए ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिनिधियों को भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने समाज की एकजुटता को उसकी सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि संगठित समाज ही वास्तविक प्रगति कर सकता है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि ब्राह्मण समाज केवल शास्त्रों के उपासक नहीं बल्कि शस्त्र के भी रक्षक रहे हैं, जिन्होंने धर्म, शिक्षा और सद्भावना की लौ को जलाए रखा है।

### सीएम ने की दिल्ली के विकास में सभी वर्गों से सहयोग की अपील

मुख्यमंत्री ने दिल्ली के विकास की दिशा में सभी वर्गों से सहयोग की अपील की और कहा कि अब समय आ गया है कि दिल्ली अपने विकास की गति तेज करें और विकसित राजधानी के रूप में उदाहरण बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर वर्ग के लोगों को समान अवसर मिले और सभी समुदायों के योगदान को सम्मान के साथ स्वीकार किया जाए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबका सहयोग दिल्ली के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग की प्रगति के लिए हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और समरसता के भाव को भी मजबूत करते हैं।

# एयरपोर्ट पर नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगने वाले एक कुख्यात धोखेबाज को दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हवाई अड्डे पर आकर्षक नौकरियों का झांसा देकर ठगी की थी। इसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक स्मार्टफोन भी बरामद हुआ है। पकड़े गये शख्स का नाम बिजवासन निवासी मनोज (33) बताया गया है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार एस सिंह निवासी सेक्टर 7, आरके पुरम की एक शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त हुई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम मनोज बताया और उन्हें बीडब्ल्यूएफएस कंपनी में 35 हजार वेतन की नौकरी का प्रस्ताव दिया। शिकायतकर्ता ने इसमें रुचि दिखाई और कथित कॉल करने वाले के कहे अनुसार पंजीकरण शुल्क के रूप में गूगल पे के माध्यम से 5,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 26 जुलाई को शिकायतकर्ता को मेल के माध्यम से उनका पहचान पत्र प्राप्त हुआ। उनसे 15,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने के लिए कहा गया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने पैसे ट्रांसफर किए मनोज ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। इसके बाद उससे कई बार संपर्क करने का प्रयास हुआ लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इसकी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की गई। बाद में शिकायत दक्षिण पश्चिम जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में पहुंची। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तफ्तीश में महिपालपुर, रंगपुरी, पालम, बिजवासन में कई स्थानों पर छापे मारे गए और अंततः कई दिनों तक लगातार गहन छापेमारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएगी सरकार : सीएम

# प्रजापति समाज की पीढ़ियों से चली आ रही कला हम सभी के लिए प्रेरणादायक : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रजापति समाज की पीढ़ियों से चली आ रही कला, मेहनत और सृजनशीलता वास्तव में हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हमारी सरकार समाज को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यह विचार रविवार को बाहरी दिल्ली स्थित नरेला के आदर्श रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रजापति (कुम्हार) महाकुंभ में व्यक्त किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रजापति (कुम्हार) समाज की परंपरागत कला, परिश्रम और सृजनशीलता की सराहना की और उन्हें विश्वास दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके कल्याण, शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऐसे प्रयासों से न केवल समाज की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि स्वदेशी उद्योगों को भी नई पहचान मिलेगी। इस कार्यक्रम में सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक राजकरण खत्री सहित प्रजापति समाज के अनेक गणमान्यजन, सामाजिक संगठन एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी' और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि दिल्ली सरकार स्थानीय हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरी केवल जीविका का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है और इसे सशक्त बनाना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज के लोग वास्तव में सृजनकर्ता हैं, जो मिट्टी से भगवान, बर्तन और सौंदर्य की रचना करते हैं, और अपने श्रम से पूरे समाज को जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से इस समाज को वह पहचान और अवसर नहीं मिले, जिसके वे हकदार हैं, लेकिन अब दिल्ली सरकार उनके उत्थान और सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाएगी।



## मिलावटी सामान बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : डॉ. पंकज



■ दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग ने पूरी दिल्ली में मिलावट खोरों के खिलाफ चला रखा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन में लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग ने पूरी दिल्ली में मिलावट खोरों के खिलाफ व्यापक अभियान चला रखा है। अगर कोई भी व्यक्ति या संस्था जो मिलावटी सामान या नकली खाद्य पदार्थ बेचते हुए पकड़ा जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने निशुल्क एंबुलेंस शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान दी। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए राजधानी दिल्ली में मिलाटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए त्योहारों के मौसम में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें पूरी तरह सक्रिय हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ पूरी दिल्ली में लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है। राजधानी में कई स्थानों के साथ बड़ी मंडियों में छापेमारी की कार्रवाई की जा चुकी है। आगे भी फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली में मिलावट करने वाला कोई भी हमारी सरकार में बच नहीं पाएगा।

## वोट चोरी लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ साजिश : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से चलाए जा रहे वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान



के तहत रविवार को बाबरपुर जिला कांग्रेस ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि वोट चोरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के खिलाफ बड़ी साजिश है। लेकिन अब कांग्रेस पार्टी इस साजिश को किसी कीमत पर कामयाब होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस साजिश को सार्वजनिक करने के बाद लोगों में जगारूकता बड़ी है। यही कारण है कि आज कांग्रेस के इस हस्ताक्षर अभियान में सभी वर्गों के साथ युवा, बाजारों में दुकानदार ,रेहडी पटरी खोमचे वाले , मज़दूर, नाई, मोची आगे बढ़कर भाग ले रहें हैं। यादव ने आरोप लगाए कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी की साजिश करते है। इसी साजिश को लोगों के घर तक पहुंचाने का कार्य कांग्रेस कर रही है। यादव ने कहा कि कहा कि दिल्ली में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को दिल्ली की जनता से अच्छा रुझान मिल रहा है और जिला कांग्रेस कमेटियों सहित अभी 1-4 अक्टूबर के बीच आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की मासिक बैठक में भी वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान पर चर्चा करके लोगों की जागरूकता अभियान पर चर्चा हुई । इसके साथ हमारे अग्रिम संगठन युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी अपने स्तर पर हस्ताक्षर अभियान से जुड़े हुए है। इस मौके पर यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन व अन्य नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के तहत यादव व काजी ने कई घरों, दुकानों, रेहड़ी पटरी पर दस्तक दी और वोट चोरी मामले पर समझाया। उन्होंने लोगों को समझाया कि राहुल गांधी पूरे देश में वोट चोरी रोकने के लिए लोगों से मिलकर उन्हें जागरूक करने में जुटे है।

# भाजपा के कुप्रबंधन से नाले में बहा व्यक्ति : संजीव झा

## जलभराव में डूबे व्यक्ति के परिजनों से मिला 'आप' प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को महरौली का दौरा कर बारिश के बाद हुए जलभराव से नाले में बह गए व्यक्ति के परिवार से मुलाकात की। पार्टी के विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा सरकार के कुप्रबंधन के कारण हुई है।

संजीव झा ने कहा कि अपने दौरे के दौरान दिल्ली सरकार के जल मंत्री ने नाले में लगी लोहे की जाली नहीं हटवाई होती तो व्यक्ति की जान बच जाती। महरौली से पूर्व प्रत्याशी महेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक ब्रह्म सिंह के साथ संजीव झा ने उस नाले का भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से घटना की पूरी जानकारी ली। संजीव झा ने कहा कि कुछ दिन पहले बारिश के बाद हुए जलभराव में महरौली सब्जी मंडी के पास यह व्यक्ति नाले के तेज बहाव में बह गया था। उन्होंने कहा कि अभी तक परिवार को शव नहीं मिला है। उन्होंने सीएम रेखा गुप्ता से मांग है कि पीड़ित परिवार को मृतक का शव तलाश कर सौंपे और उचित मुआवजे का एलान करें। साथ ही भाजपा ने ऑटो रिक्शा चलाने वालों को 10 लाख रुपए का इंश्योरेंस देने का वादा किया था। सरकार यह राशि भी परिजनों को तत्काल मुहैया कराए।



## मानवीय त्रासदियों पर 'आप' नेताओं की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं उनकी संवेदनहीनता का प्रमाण : सचदेवा

**नई दिल्ली।** मानवीय त्रासदियों पर 'आप' नेताओं की ओछी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं उनकी संवेदनहीनता का प्रमाण हैं। सचदेवा ने कहा कि गत दिनों महरौली में एक व्यक्ति के जलभराव में डूबने से जुड़ा विडिओ सामने आया जिसके ना मिलने के कारण उसको आज तक लापता माना जा रहा है। सचदेवा ने कहा कि 'आप' नेता संजीव झा ने रविवार को अनर्गल आरोप लगाया कि जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के निर्देश पर दिल्ली नगर निगम के नाले पर लगी जाली ना हटाई गई होती तो दुर्घटना में लापता व्यक्ति बच जाता जो पूरी तरह झूठ है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के दुर्घटना से कुछ दिन पूर्व के महरौली निरीक्षण के वीडियो और फोटो गवाह हैं कि जब वो आये तब दिल्ली नगर निगम नाले पर कोई जाल था ही नहीं क्योंकि वो जाल 'आप' पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी ने पहले ही हटवा दिया था। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता सत्ता हारने की हताशा से बाहर नहीं आ पा रहे हैं और अनर्गल बयान एवं विडिओ जारी कर आज कल खबरों में बने रहने का प्रयास कर रहे हैं। संजीव झा हों या सौरभ भारद्वाज इनके ब्यान सुन ऐसा लगता है कि यह राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं राजनीतिक गिद्ध हैं। सचदेवा ने कहा कि महरौली से भाजपा विधायक गजेन्द्र यादव उस परिवार के संपर्क में हैं और उन्होंने परिवार के निवेदन पर उस व्यक्ति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है और प्रयासरत हैं की जांच पूरी होने पर अब तक लापता माने जा रहे व्यक्ति को उचित नगर निगम सहायता मिल सके।

## डीडीए कर रहा है दो दिवसीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर टूर्नामेंट आयोजित, पंजीकरण नौ तक

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) दो दिवसीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर टूर्नामेंट आयोजित करने जा रहा है। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार खेल प्रेमियों के लिए मजेदार दो दिवसीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। यह टूर्नामेंट 11 और 12 अक्टूबर 2025 को सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की तरफ से आयोजित किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह टूर्नामेंट बेहद रोमांचक होने वाला है। इसके लिए डीडीए ने हिस्सा लेने वाले लोगों के लिए शुल्क की घोषणा कर दी है। अधिकारी ने बताया कि सदस्यों के लिए इसका शुल्क रखा है 400 रूपए और गैर सदस्य के लिए शुल्क है 800 रूपए। श्रेणियाँ में पुरुष और महिला के लिए ओपन, 50 से ऊपर (पुरुष) और 45 से ऊपर (महिला) शामिल है। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए पंजीकरण शुरू हो गए है जो सिरी फोर्ट रिसेप्शन पर अंतिम दिन 9 अक्टूबर तक कराए जा सकते है। उन्होंने बताया कि बिलियर्ड्स और स्नूकर के लिए अलग-अलग प्रविष्टियाँ और पंजीकरण राशि लागू है। प्रविष्टियाँ सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मुख्य रिसेप्शन पर दी जा सकती हैं। बता दें कि डीडीए अपने निजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समय समय पर विभिन्न खेलों से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहता है। इससे जहां लोगों को खेलने के लिए बेहद साफ सुथरे, सुरक्षा व सुविधाओं युक्त वातावरण मिलता है।

## बांसेरा में आयोजित हुआ रंगरात्रि उत्सव, एलजी व सीएम रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शनिवार रात यमुना किनारे बने बांसेरा में एक रंगारंग कार्यक्रम रंगरात्रि का मनमोहक आयोजन किया। आयोजन में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व उनकी पत्नी संगीता सक्सेना के अलावा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आला अधिकारी व अन्य मौजूद थे। इस मौके पर गुजरात के मशहूर रंगा रंग कार्यक्रम में संगीता सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता ने जमकर गरबा और डांडिया खेला। एक तरफ बहती यमुना नदी और हरे भरे बांसेरा में जग जगमग करती रंग बिरंगी लाइटों ने रात की रंगत ही बदलकर रख दी। लोगों ने जमकर रंगरात्रि का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत एलजी द्वारा श्री गणेश वंदना के साथ हुई। बता दें कि एलजी सक्सेना की पहल पर यमुना किनारे राजधानी का पहला बांस थीम पार्क बांसेरा बनाया गया जो अब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। हाल ही में डीडीए ने इस पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बुकिंग शुरू कर दी है। डीडीए के मुताबिक इस पार्क की बुकिंग के लिए काफी डिमांड है। बांसेरा पूरी तरह बांस से तैयार पार्क है। इसमें पांच जोन हैं और सभी जोन के लिए बुकिंग के अलग-अलग रेट तय किए गए हैं। जोन के साइज, वहां मौजूद फूलों, वॉटर बॉडी से दूरी, ग्रीन लॉन आदि के हिसाब से बुकिंग रेंज 25 हजार से 3.5 लाख रुपये तक हो सकती है। कोई भी भारतीय नागरिक और एजेंसी इस पार्क की आर्ट एंड कल्चरल इवेंट के लिए बुकिंग करवा सकती है। लेकिन पार्क की बुकिंग राजनीतिक और शादी समारोह के लिए नहीं होगी। पार्क के अंदर खाना पकाने की इजाजत बिल्कुल नहीं होगी।



## जनकपुरी में कई विकास कार्यों का शिलान्यास : सूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र को स्थानीय निवासियों के रहने लायक क्षेत्र बनाना हमारी प्राथमिकता

दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी के विधायक आशीष सूद ने रविवार को 5.5 करोड़ की लागत से पंखा रोड क्षेत्र के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना के अंतर्गत नई आरसीसी ड्रेन का निर्माण, ग्रिट प्लास्टर एवं आयरन ग्रिल के साथ टो वाल का निर्माण, फुटपाथ का निर्माण, सड़क के दोनों और स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तथा सर्विस लेन में सौंदर्यीकरण और हरियाली के कामों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की सफाई, सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग जैसे अनेक कार्यों को पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम में पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत के साथ-साथ जनकपुरी के कई ब्लॉकों के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि, स्थानीय निवासी तथा आसपास के बाजारों के दुकानदार भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दशकों तक जनकपुरी के निवासियों की आवाज को अनसुना किया गया लेकिन अब बदलाव की हवा बह रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र के निवासियों की न सिर्फ समस्याएं सुन रहे हैं बल्कि उनके ठोस समाधान के लिए भी दिन-रात कई स्तरों पर काम भी किया जा रहा है अब पूरे जनकपुरी में विकास की हवा बह रही है।

सूद ने बताया कि गंदगी, अव्यवस्था, नारकीय जीवन न केवल जनकपुरी बल्कि विकासपुरी, उत्तम नगर, नजफगढ़ और नांगलोई तक के लोगों के लिए एक बड़ी समस्या और चुनौती बन गई थी। यहां से निकलते हुए लोगों को गंदगी, कूड़े, जलभराव, आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने और टूटे रोड का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस समस्या का स्वतः संज्ञान लेते हुए इस पूरे क्षेत्र को आज से स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके सुखद परिणाम जल्द ही यहां के निवासियों को देखने को मिलेंगे। साथ ही यहां के निवासियों को वर्षों पुरानी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी।

## 'आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम'

# स्वास्थ्य मंत्री ने 10 निशुल्क एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और ज्यादा मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने रविवार को आकाश कम्युनिटी लाइफ सेवर्स (एसीएलएस) निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा के तहत 10 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा के लिए रवाना किया।

मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा शुरू की गई यह पहल दिल्ली-एनसीआर में त्वरित चिकित्सा सहायता मुहैया कराने और समय पर आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित कर जिंदगी बचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जो सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल दिल्ली की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को सशक्त बनाने और सरकार की उत्तरदायी और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की प्रतिबद्धता को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ दिल्ली के द्वारका स्थित आकाश हेल्थकेयर अस्पताल में आयोजित समारोह से किया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आईपीएस अधिकारी रॉबिन हिबू, आकाश हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आशीष चौधरी समेत स्वास्थ्य क्षेत्र की कई नामी हस्तियां इस मौके पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सरकारी और निजी भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि जब सरकारी संस्थान निजी अस्पतालों या संस्थाओं के साथ मिलकर जनता को सेवाएं प्रदान करने लग जाते हैं, तो उस राज्य की दशा और दिशा दोनों बदल जाती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग के लिए हम इस एम्बुलेंस सेवा के शुभारंभ का स्वागत करते हैं। इस सेवा के शुरू होने से आदर्श एम्बुलेंस प्रतिक्रिया समय 30 मिनट से घटकर लगभग 25 मिनट हो गया है।

हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने में लगी है कि एक कॉल करने पर ही एम्बुलेंस तुरंत मरीज तक पहुंच सके। हम राजधानी में कॉलर सिस्टम को और ज्यादा बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। मैं आकाश हॉस्पिटल समेत अन्य दूसरे संस्थानों से भी आग्रह करता हूं कि इस दिशा में और तेजी से सुधार करें। यह सेवा दिल्ली के लिए एक बेहतर सुविधा के साथ प्रशंसनीय कदम है।



**खबर संक्षेप**

## भोंडसी जेल में कैदी से मिला नशीला पदार्थ

**गुरुग्राम।** भोंडसी जिला जेल में जेल अधिकारियों ने तलाशी के दौरान एक विचाराधीन कैदी के



पास से 5.6 ग्राम सुल्फा नुमा नशीला पदार्थ बरामद किया है। इस घटना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। थाना भोंडसी में आरोपी सुमित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 (2) के तहत मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है।

## 520 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने कार्रवाही करते हुए 520 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को



गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 अक्टूबर को अपराध शाखा की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए गांव अनखीर फरीदाबाद निवासी देवेन्द्र को 520 ग्राम गांजा सहित गांव अनखीर से काबू किया है। एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

## पैरोल पर फरार हुआ कैदी तमिलनाडु से गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने पैरोल पर फरार हुए आजीवन सजा याफ्ता कैदी को तमिलनाडु से




गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कैदी को रविवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर दिया। करीब नौ महीने पहले पैरोल पर गया उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी वापस नहीं लौटा तो भोंडसी जेल अधीक्षक ने पुलिस को सूचित किया।

# दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में बने 99 जोड़ों ने विवाह के लिए सहमति जताई

### 25वां दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन दूसरे दिन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ, 1500 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद का 25वां दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का दूसरे दिन बड़ी धूमधाम सम्पन्न हुआ। प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 1500 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन 64 जोड़ों में सहमति बनी है जबकि पहले दिन लगभग 35 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई थी। दो दिवसीय परिचय सम्मेलन में 99 जोड़ों में सहमति बनी है। वहीं सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर अन्य कई प्रकार की प्रोफेशनल डिग्री वाले युवक एवं युवतियां, टीचर, व्यापारी, अपाहिज, विधवा, तलाकशुदा, पढ़े.लिखे, विकलांग व अनपढ़, नौकरी करने वाले युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को चुनने की गुजारिश की। प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने




आए हुए सभी अतिथियों परम सानिध्य बी.एम. जिन्दल, संत गोपाल गुप्ता, मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षाविद् जे.पी. गुप्ता, समारोह अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, विशिष्ठ अतिथि ओम प्रकाश गर्ग, अनिल रतन लाल गर्ग, सुनील अग्रवाल, प्रवेश बंसल, रमेशचंद गर्ग, डी के गोयल, ए.के.गोयल, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, देवेन्द्र गोयल, अरूण गोपाल, शैलेन्द्र कुमार गर्ग, भोला ठाकुर, विवेक गुप्ता, उज्जवल गर्ग, विनेश अग्रवाल, जे.पी. बंसल, विष्णु शर्मा, विजय शर्मा, राकेश बंसल, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल सिंगला, अमरचंद मंगला, लालचंद जिन्दल, कन्हैया , धनेश , ईश्वर प्रसाद गोयल, विनित मित्तल, सतीश, जी.डी. खुराना, विनोद अग्रवाल आदि का फूल-मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन ब्रह्मप्रकाश गोयल, कन्हेयालाल गर्ग, संजीव कुशवाहा व पवन गर्ग ने किया।

### केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल रहे मुख्य अतिथि

# उनका जीवन आज भी हमें आपसी भाईचारे, और समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है: मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वैश्य अग्रवाल सभा सेक्टर 37 एवं अशोका एन्क्लेव द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन सेक्टर 37 कम्युनिटी सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के स्टेट विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल रहे। इनके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जयकिशन गुप्ता एवं स्थानीय पार्षद जितेन्द्र यादव उर्फ बिल्लू पहलवान की गरिमामति उपस्थिति रही।

अति विशिष्ठ अतिथि फीवा के अध्यक्ष आकाश गुप्ता, सभा के सभापति उमाशंकर गर्ग, साकेत अग्रवाल, प्रकाश सिंघल, अनिल जैन, मनोज गोयल, सुरेश गुप्ता, डा.मनीष अग्रवाल एडवोकेट, अति विशिष्ठ अतिथि एवं सभा के उपाध्यक्ष मुकेश गोयल, लाला ब्रहम प्रकाश गर्ग उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, संजय गोयल, गुलाब चन्द्र जैन, पवन बिन्दल, सुनील बिन्दल, दिनेश बिन्दल, राहुल गुप्ता, देवेन्द्र

### अग्रवाल सभा सेक्टर 37 द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन



सिंघला, दिनेश, राकेश, अनुराग जैन, संदीप गुप्ता, राधे श्याम बंसल, सुन्दर लाल गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अमर कुमार जैन, अशोक गोयल, अश्विन बूधिया, विजय कुमार, अश्विनी गोयल व सुनील कुमार, कपिल जैन अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सभा के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान विनोद गर्ग एवं पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि गण एवं सभी गणमान्य अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत अभिनन्दन किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और एडीजीपी आलोक मित्तल ने समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को वैश्य प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान से सम्मानित किया और उन्हें शिक्षा व करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। सभा के महामंत्री विनोद गुप्ता और महिला समिति की सदस्या श्रीमती प्रियंका गुप्ता द्वारा तैयार की गई महाराजा अग्रसेन की पावन जीवनगाथा का उपस्थित जनों ने बड़ी स्क्रीन पर भावपूर्ण अवलोकन किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के त्याग, परोपकार, न्यायप्रियता एवं एक ईंट-एक रुपया जैसे समाज सेवा और आर्थिक सिद्धांतों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि महाराजा अग्रसेन न केवल एक कुशल शासक थे, बल्कि वे सामाजिक समरसता, समाजवाद एवं आर्थिक समानता और न्याय के प्रतीक भी थे। उनका जीवन दर्शन आज भी हमें आपसी भाईचारे, व्यापारिक नैतिकता और समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

महाराजा अग्रसेन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। वैश्य समाज ने देश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए गुर्जर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज एवं देश की प्रगति में योगदान दें।

**कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों ने भाग लिया**

हरियाणा के स्टेट विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को एकजुट रहना चाहिए और जरूरत पडने पर एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। महाराजा अग्रसेन ने जो मार्ग दिखाया, सेवा, समरसता और आत्मनिर्भरता का कृ वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। अगर हम उनके आदर्शों पर चलें, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। कार्यक्रम में सर्व समाज की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, फरीदाबाद की अन्य वैश्य अग्रवाल सभाओं के पदाधिकारी, समाज के ऐसे जोड़े जिनकी शादी की सिल्वर एवं गोल्डन जुबली वर्षगांठ इसी वर्ष है, सम्मानित किया गया। कलाकारों द्वारा महाराजा अग्रसेन की पावन जीवन गाथा पर सांस्कृतिक प्रस्तुति और भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई और कार्यक्रम के अंत में गरबा एवं डंडिया का आयोजन हुआ।

### शिविर में 111 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

## प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम 3 बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए: मंत्री गोयल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मानव सेवा समिति ने रविवार को मानव भवन सेक्टर 10 में भारत विकास परिषद संस्कार शाखा, प्रक्रूथी ट्रस्ट, रोटरी क्लब एक्सीलेंस, अरावली के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रक्तदान-महादान के नारे से प्रेरित होकर 111 रक्तवीरों ने रक्तदान करके पुण्य कमाया। हीमोग्लोबिन कम होने के कारण 14 महिलाएं व 11 युवा रक्तदान नहीं कर सके।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने रक्तवीरों का हौंसला बढ़ाया और उनको सम्मान पट्टिका पहनाकर अभिनंदन किया। विपुल गोयल ने मानव सेवा समिति के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए समिति को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, संस्थापक अरुण बजाज, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा, चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाशचंद शर्मा, संस्कार शाखा के अध्यक्ष अमर बंसल, प्रक्रूथी ट्रस्ट की अध्यक्ष रमा सरना, रोटरी एक्सीलेंस के प्रधान शरत चंदरा, रोटरी ब्लड बैंक के प्रधान प्रेम पसरीजा, प्रबंधक दीपक प्रसाद, पार्षद मुकेश अग्रवाल, आयोजन मंडल के सदस्य संदीप राठी, नवीन पसरीजा, नीतू मंगल, सोनिया मल्होत्रा, सिद्धार्थ सिंघल, रोटरी अरावली के प्रधान मनीष मनचंदा ने अतिथियों को शाल पहनाकर व सम्मान प्रतीक स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर सीए अंकित अग्रवाल व उनके 12 डोनर, ऊषा किरण शर्मा, राजराठी, राजेश अरोड़ा, राजेन्द्र गोयनका, पार्षद कुलदीप साहनी, राकेश मोंगा, अमित शाह, आरके सिंघला मौजूद रहे।

# बंबल एप पर प्यार का इजहार कर एमएनसी कर्मी को लगाई 73 लाख की चपत

### *पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर थाना एरिया में ऑनलाइन डेटिंग एप बंबल के जरिए एक युवती ने प्यार का इजहार करके एमएनसी कर्मी को 73,42,500 लाख रुपए की चपत लगा दी। युवती ने वीडियो कॉल कर शेयर बाजार में निवेश कर करोड़ों रुपए कमाने का झांसा दिया।

इसके बाद कई बार में रुपए ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-56 के जलवायु विहार में रहने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि वह एक एमएनसी में प्रोफेशनल के तौर पर काम करते हैं। अगस्त माह में बंबल एप के जरिए अपना अकाउंट बनाया और फिर उनकी एक युवती से बातचीत शुरू हो गई। कई दिनों तक बात करते हुए युवती ने अपना विश्वास जीता और व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर बातचीत भी की। उसके बाद दोनों की मैसेज भेजकर बातें करते थे। व्हाट्सऐप पर बात करते हुए उसने बताया कि गोवा में मकान खरीदने का सपना है और उसके लिए वह रुपए जोड़ रहे हैं। युवती इस बात का फायदा उठाते हुए कहा कि वह वैसे तो कोई मदद नहीं कर सकती है, लेकिन एक वेबसाइट के जरिए शेयर बाजार में रुपये निवेश कर 50 करोड़ रुपए तक कमा चुकी है। युवती की बातों में आकर पीड़ित ने युवती द्वारा बताई गई कथित शेयर बाजार की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाया और व्हाट्सएप और टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ा गया। उसके बाद 29 अगस्त को कुछ रुपए निवेश कर दिए। रोजाना वह अकाउंट को खोलकर देखता और उसका शेयरों में मुनाफा होने लगा। एक महीने तक कई बार में जालसाजों के बताए खाते में 73,42,500 रुपए का निवेश किया। जब उनके खाते में दो करोड़ चार लाख रुपए दिखे, तो पीड़ित ने 29 सितंबर को रुपए निकालने के लिए आवेदन किया, लेकिन वह नहीं निकले। टेलीग्राम पर बनाए गए कस्टमर केयर पर संपर्क किया, तो जालसाजों ने 25 प्रतिशत राशि और जमा करवाने के लिए कहा और बोला कि रुपए जमा करवाने के बाद 25 फीसदी राशि भी रिफंड हो जाएगी। ऐसे में उनको कुछ गड़बड़ दिखने पर रुपए नहीं जमा करवाने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम एप और वेबसाइट पर ब्लॉक कर दिया गया। उसके बाद उन्होंने ठगी का पता चला। उसके बाद भी युवती द्वारा फेसबुक के जरिए संपर्क किया और बोला कि वह उनके प्यार करती हैं।

### आरोपी प्रोफेसर गिरफ्तार

# कांस्टेबल ने शराब पीने से रोका युवकों ने कांस्टेबल को पीटा

### दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सूरजकुंड थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक कांस्टेबल ने कुछ युवकों को कार में शराब पीने से रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान कांस्टेबल की नाक पर घूसा मारकर चोट पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सेक्टर 45 में किराए पर रहते हैं और एक निजी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।

सेक्टर-46 पुलिस चौकी में तैनात हवलदार सलीम खान ने बताया कि वह अपने साथी नरेंद्र के साथ गश्त पर थे। जब वे सेक्टर 45 हुडा मार्केट पहुंचे, तो दो युवक उन्हें देखकर भाग गए। काफी दूर तक उनका पीछा करने के बाद, जब वे उन्हें नहीं दिखें, तो सलीम और नरेंद्र अपनी कार में वापस आ गए। उन्होंने मार्केट के पास दो लोगों को अपनी कार में शराब पीते देखा। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम कुणाल और माधो बताया और खुद को एक निजी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बताया। कांस्टेबल सलीम ने कहा कि यहां अपराधी घूमते रहते हैं, इसलिए उन्हें चले जाना चाहिए। इस पर दोनों युवक कांस्टेबल पर भड़क गए और उसे जाने को कहा। दोनों ने पुलिसकर्मियों पर शराब पीने का आरोप लगाया। जब सलीम और उसके साथी ने उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाने का सुझाव दिया, तो वे झगड़ने लगे। इस दौरान उनमें से एक ने सलीम को घूंसा मार दिया, जिससे उसकी नाक में चोट लगी। नरेंद्र ने अन्य पुलिस कर्मियों को मौके पर बुलाया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी सेक्टर 45 में किराए पर रहते हैं। दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# महिला पर कमेंट करने का विरोध करने पर युवक ने की फायरिंग, गिरफ्तार

### *आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-65 एरिया में गाड़ी के पास अपने दोस्त का इंतजार कर रही युवती पर कमेंट करने व उसके दोस्त से मारपीट कर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सेक्टर-65 थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम को बुलाया और जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में धारूहेड़ा निवासी आशीष ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए सेक्टर-63 स्थित एफ बार क्लब में गया था।

क्लब से पार्टी करने के बाद वह अपनी महिला दोस्त के साथ सुबह करीब 7 बजे क्लब से बाहर निकल कर पार्किंग एरिया में पहुंचा। उनके साथ-साथ दो युवक भी क्लब से बाहर निकल कर आए। उन्होंने पहले अच्छे से बात की और हाथ भी मिलाया। तभी एक युवक ने उनकी महिला मित्र के बारे में गलत टिप्पणी कर दी जिसका उन्होंने विरोध किया। विरोध करने पर युवक भड़क गया और उसने पहले कहासुनी की और बाद में मारपीट शुरू कर दी। ऐसे में आशीष ने युवक को थप्पड़ भी मार दिया। इस पर युवक भागता हुआ अपनी गाड़ी की तरफ गया और गाड़ी में रखी पिस्टल निकालकर उस पर तान दी। आरोपी ने जमीन की तरफ निशाना साधते हुए फायर कर दिया और अपने दोस्त के साथ मौके से फरार हो गया। इस पर उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने दोस्त और पुलिस कंट्रोल रूम को दी। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। मौके पर क्राइम सीन की टीम को बुलाया गया और जांच करते हुए मौके से गोली का खाली खोल भी बरामद किया। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया और उसके कब्जे से पिस्टल बरामद कर ली।

आरोपी की पहचान नाहरपुर कासन के रहने वाले मन्नू यादव के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि बहस के बाद जब उनके बीच मारपीट हुई तो उसने पिटने के डर से अपनी पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मूलचंद शर्मा ने शिरकत

# वैश्य केवल जाति नहीं है यह एक विचार है, जो धन कमाने के साथ अपनी आय का एक भाग समाज के उत्थान के लिए खर्च करता: मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वैश्य केवल जाति नहीं है यह एक विचार है, जो धन कमाने के साथ अपनी आय का एक भाग समाज के उत्थान के लिए खर्च करता है। उक्त विचार हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव में व्यक्त किए।

जयंती उत्सव पर आयोजित कवि सम्मेलन में बल्लभगढ़ के विधायक पं मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ नेता लखन सिंगला, एम सी मित्तल, अग्रवाल समाज के नेता मनोज अग्रवाल, नरेश गोयल, रमेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नीरज गुप्ता, भगवान दास गोयल, पंकज गर्ग, पार्षद दीपक यादव एवं महेश गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कर जयंती उत्सव का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, उपाध्यक्ष विजय



मंगला, महासचिव लोकेश अग्रवाल, सचिव पंकज सिंगला, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, राजू मित्तल, राकेश गुप्ता, दीपक मित्तल, गौरव अग्रवाल, दीपक सिंगला, सुनील गोयल, ललित मित्तल, दिनेश मंगला एवं प्रवीण गर्ग ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विपुल गोयल का जयंती उत्सव में पहुंचने पर नगर की अनेकों क्षेत्र की संस्थाओं ने शाल, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत की इस कड़ी में समिति की लेडीज विंग ने विपुल गोयल को शक्ति का प्रतीक त्रिशूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम गोयल एवं ललित गोयल ने किया।

कवि सम्मेलन में कोटा से आए डॉ आदित्य जैन ने शहीदों के नाम कविता सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। उन्होंने कहा कि परिवार छोड़ कर गए सरहद के नाम पर, आजादी छीन लाए जो सांसों के दाम पर। अपने घरों में दीप जलाओ तो साथ में दीपक जलाना एक शहीदों के नाम पर। औरैया से से आए अजय अंजाम ने महाराजा अग्रसेन की महिमा का गुणगान कुछ इस प्रकार किया. एक ईंट और एक रुपैया देकर सबको ताकत दी, अग्रसेन महाराज सा कोई महाराज नहीं होगा। मोनिका देहलवी ने श्रृंगार रस में डूबी रचना सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया चाहत में तेरी खुद को डुबाते चले गए, आंखों में तेरी खोए तो खोते चले गए। बस में कहां था मेरे कि मैं शायरी करूं, कुछ शेर तेरी याद में होते चले गए। इसके अतिरिक्त इटावा से आए देवेंद्र प्रताप सिंह, वाराणसी से आए दमदार बनारसी, बलिया से आई प्रतिभा यादव, दीपक शुक्ला दनादन एवं खंडवा से आए अकबर ताज ने भी अपनी रचनाओं से सुबह 4 बजे तक कवि सम्मेलन में कविताओं के सागर में श्रोताओं को आनंद की डुबकी लगवाई।

# थार से आए बदमाशों ने चोरी कर ली स्कॉर्पियो, टोचन कर ले गए गाड़ी

**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर एरिया में थार से आए बदमाशों ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी को चोरी कर लिया। बदमाशों ने थार गाड़ी को टोइंग व्हीकल के रूप में इस्तेमाल किया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब सवा तीन बजे शिवाजी नगर क्षेत्र में हुई। घर के बाहर एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार खड़ी थी। कार मालिक मोहित जतराणा जब सुबह उठे और घर से बाहर निकले तो गाड़ी गायब मिली। इस पर उन्होने तुरंत ही सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो वह पूरे घटनाक्रम को देखकर दंग रह गए। सीसीटीवी में दिखा कि पहले एक चोर स्कॉर्पियो का दरवाजा खोलकर अंदर घुस जाता है। वह गाड़ी को स्टार्ट करने की कोशिश करता है, लेकिन गाड़ी स्टार्ट नहीं होने के कारण वह सफल नहीं हो पाता। जब चोर गाड़ी स्टार्ट नहीं कर पाया, तो उसने हार नहीं मानी। उसने तुरंत अपने साथी को बुलाया। उसका साथी सफेद रंग की थार लेकर मौके पर आया। उन्होंने थार को टोइंग व्हीकल के रूप में इस्तेमाल किया और एक रस्सी की मदद से स्कॉर्पियो को थार से अटैच कर दिया और गाड़ी को खींच कर ले गए।

### आरोपियो ने ओरियो शूट के लिए चुनने की कही बात

# बेटी के फोटोशूट का झांसा देकर 33 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाजों ने बेटी के फोटोशूट के नाम पर एक युवक से 33,280 रुपए ठग लिए। पीड़ित की बेटी का जीवा धोनी, आलिया भट्ट और अल्लू अर्जुन के साथ ओरियो शूट के लिए चुनने की बात कहकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-107 निवासी प्रीतम घोष ने बताया कि 29 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ एंबियंस मॉल गया था। जम्बर रेस्तरां के सामने एक युवती आई और उसने अपना नाम अंजली बताया। युवती ने खुद को वोग किड्स इंडिया का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह विज्ञापन में हिस्सा लेने के इच्छुक बच्चों की तलाश कर रही है। युवती ने प्रीतम घोष की छह साल की में अपनी रुचि दिखाते हुए ऑडिशन के बारे में बताया। इसके बाद प्रीतम की पत्नी का मोबाइल नंबर ले लिया और रात करीब 11.23 बजे अंजली ने व्हाट्सएप पर 30 अगस्त को होने वाले होम ऑडिशन के बारे में बताया। इसके बाद प्रीतम घोष की पत्नी के बेटी की तस्वीरों के साथ एक होम शॉट वीडियो साझा किया तो ऑडिशन में बेटी का चयन होने का मैसेज मिला। अंजली ने ऑडिशन के लिए शुल्क जमा कराने के लिए आनंद अग्रवाल के नाम से पेटीएम स्कैनर साझा करते हुए कहा कि वह फोटोग्राफर हैं, जोकि बेटी का पोर्टफोलियो (पेशेवर फोटो एल्बम) बनाएंगे। प्रीतम ने 31 अगस्त को 33,280 रुपए का भुगतान कर दिया। एक सितंबर को ओरियो विज्ञापन के लिए प्रीतम से बेटी के कुछ वीडियो व फोटो भेजने के लिए कहा।

# 7 अक्टूबर को धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाएगी योगी सरकार

## वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम

*महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के ऐलान के बाद अब इस दिन को भव्यता और आस्था के साथ मनाने की तैयारी योगी सरकार ने कर ली है। इसे लेकर अधिकारियों को सीएम योगी ने कई निर्देश जारी किए हैं। जनपद स्तर पर आयोजन के साथ ही ब्लॉक और तहसीलों में भी कार्यक्रम होंगे।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार 7 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस दौरान अनेक भव्य कार्यक्रम होंगे। सभी देव मंदिरों, महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों में महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन, दीप प्रज्ज्वलन आदि कराए जाएंगे।

महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योगी सरकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ जनसहभागिता पर विशेष जोर रहे।



### यूपी के सभी जनपदों में होंगे आयोजन

योगी सरकार के निर्देशानुसार 7 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। सभी देव मंदिरों, महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ-साथ रामायण पाठ कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद, तहसील व विकास खंड स्तर पर होंगे। सीएम योगी ने हर आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था का निर्देश दिया है।

### महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में होगा वृहद आयोजन

योगी सरकार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में वृहद आयोजन कराएगी। उप निदेशक (पर्यटन) आरके रावत को कार्यक्रम का नोडल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत विराट महाराज व संस्कृत के अध्ययनरत बच्चों द्वारा रामायण पाठ होगा। दयाराम रैकवाड़ व टीम की तरफ से आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पूजन-हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग समेत अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और जनसहभागिता भी रहेगी। इसके अलावा तुलसीदास आश्रम राजापुर चित्रकूट, वाल्मीकि आश्रम बिठूर कानपुर, वालमीकि आश्रम श्रावस्ती, अयोध्या, प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश में आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### किशोरी का रेप मामले में 1 और हाफ एनकाउंटर

**हरदोई।** हरदोई में किशोरी का रेप कर फरार आरोपी को गोली मारने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने पानी मांगने के बहाने 15 साल की किशोरी का रेप किया था और फरार हो गया था। पुलिस ने उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस को सूचना मिलने पर उसकी घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया।



### अयोध्या: घर में विस्फोट एक की मौत, दो घायल

**अयोध्या।** यहां एक मकान में भीषण धमाका हुआ है। इससे मकान की छत उड़ गई। तेज धमाके से पास का एक मकान भी धराशाई हो गया है। कई अन्य मकानों की भी दीवारें फट गई हैं। घटना तेंदुआ माफी चतुर्थ पटेल नगर वार्ड नंबर 11 में हुआ। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए है।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में

# मिशन कर्मयोगी अभियान में 3,900 कर्मचारी पंजीकृत, 21,150 कोर्स पूरे

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक दक्षता और सुशासन के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'मिशन कर्मयोगी अभियान' को पूरी तत्परता के साथ लागू कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

डिजिटल अभियान के तहत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल माध्यम से अपने कौशल को निखारते हुए जनता को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं दे रहे हैं।

समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने बताया कि सितंबर 2025 तक 3,900 अधिकारी, नियमित और संविदा कर्मचारी 'आईजीओटी कर्मयोगी' पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन लोगों ने कुल 21,150 कोर्स पूरे किए हैं, जिनमें 15,893 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है।

**खास बातें**

- डिजिटल प्रशिक्षण से बढ़ी कार्यक्षमता
- नई कार्यशैली से नीति निर्माण की समझ और प्रबंधन कौशल का विकास



### प्रमुख कोर्स और उनके विषय

'आईजीओटी कर्मयोगी' पोर्टल पर कई विषय शामिल हैं, जैसे 'योग ब्रेक एट वर्कप्लेस' तनाव मुक्त कार्य संस्कृति के लिए, पोश एक्ट 2013 महिला सुरक्षा के लिए, 'प्रोक्योरमेंट प्रोसेस ऑन जीईएम' पारदर्शी खरीद प्रक्रिया के लिए, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, 'बेसिक ऑफ एआई' और आरटीआई एक्ट। ये कोर्स कर्मचारियों को तकनीकी दक्षता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाते हैं।

### डिजिटल गवर्नेंस में सुधार

राज्य सरकार की डिजिटल गवर्नेंस नीति के तहत मिशन कर्मयोगी ने सरकारी कामकाज की गति और जवाबदेही दोनों बढ़ाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी विभागों को 'आईजीओटी कर्मयोगी' पोर्टल से जोड़ने का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद और सेवा सुनिश्चित हो सके।

### कोर्स पूरा करने वाले कर्मचारियों की संख्या

2,759 कर्मचारियों ने कम से कम एक कोर्स पूरा किया है, जबकि 2,289 ने तीन या उससे अधिक कोर्स पूरे किए हैं। 1,611 कर्मचारी तीन से कम कोर्स तक सीमित हैं, और 1,141 अभी प्रशिक्षण पूरा कर रहे हैं। मंत्री असीम अरुण के अनुसार, इस अभियान का मकसद सरकारी अधिकारियों को दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इससे कर्मचारियों में नई कार्यशैली, नीति निर्माण की समझ और प्रबंधन कौशल का विकास हो रहा है, जो जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करता है।

**ललन और मांझी के बाद** कुशवाहा से मिले धर्मेंद्र प्रधान

# बिहार चुनावःएनडीए में सीट शेयरिंग की कवायद

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। दो दिन के दौरे पर पटना आए बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को एनडीए के तीन घटक दलों के नेताओं से मुलाकात की। सबसे पहले जेडीयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के घर मुलाकात करने पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। फिर राजग के घटक दल 'हम' के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मिलने उनके आवास गए। जहां करीब आधे घंटे तक बैठक चली। जिसमें डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी साथ रहे। दो मुलाकातों के बाद तीसरी बैठक रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के साथ उनके आवास पर हुई। जो करीब आधे घंटे तक चली। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एनडीए के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई। जदयू के ललन सिंह ने धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक को शिष्टाचार मुलाकात बताया। वहीं हम के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा सीट बंटवारे पर चर्चा हुई है। जल्द सीट शेयरिंग हो जाएगी।

**तेजस्वी के आवास पर बड़ी बैठक**

# महागठबंधन में भी सीट शेयरिंग पर हलचल तेज



बिहार में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिनों की मैराथन बैठकों के बाद दिल्ली लौट चुकी है। महागठबंधन में भी सीट शेयरिंग पर मंथन का फाइनल दौर शुरू हो गया है।

महागठबंधन को-ऑर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन तेजस्वी यादव के आवास पर सभी घटक दलों की बैठक बुलाई गई है। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि जल्द ही सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। हालांकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में नहीं हैं। बैठक में गठबंधन के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। सीटों के बंटवारा समेत चुनावी रणनीति पर बैठक में चर्चा होगी।मुकेश सहनी ने कहा कि सबकुछ अंतिम चरण में है। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा। साफ हो जाएगा कि कौन से दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। सभी साथी दलों के नेता आपस में संपर्क में हैं। महागठबंधन का समन्वय मजबूत है।

## पेज एक का शेष

### पुल टूटे...सड़कें बहीं...

कार्य में लगी हैं। एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की ओर से मिली रिपोर्ट के अनुसार कई स्थानों सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। एनडीआरएफ के अनुसार दार्जिलिंग जिले और उत्तरी सिक्किम में सड़क संपर्क गंभीर रूप से बाधित है और सिलीगुड़ी को मिरिक-दार्जिलिंग मार्ग से जोड़ने वाला एक लोहे का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे इस क्षेत्र तक पहुंच बाधित हो गई है। एनडीआरएफ ने यह भी कहा कि मिरिक का एक गांव वर्तमान में बाढ़ और सड़क अवरोधों के कारण जलमग्न है। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे 6 अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस आपदा से वहां हजारों पर्यटक फंस गए हैं। सीएम बेनर्जी ने घोषणा की कि आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों को सरकारी मुआवजा और उनके एक सदस्य को रोजगार मिलेगा। हालांकि, उन्होंने राशि का जिक्र नहीं किया।

### सिलीगुड़ी के कंट्रोल...

कि राज्य सरकार उन्हें सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था करेगी और पर्यटकों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और वहां से निकलने की जल्दबाजी न करें।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार...

कार्य किया बल्कि बिहार के 90,217 बूथ लेवल अधिकारियों ने एक ऐसा कार्य किया जो पूरे देश में अनुकरणीय है।

### दवा फैक्ट्रियों की जांच...

कफ सिरप नहीं पिलाएं। दवा से पहले घरेलू नुस्ख़ों का पालन करें। बैठक में राज्यों को निर्देश दिया गया कि वे खांसी की दवाओं का सही उपयोग सुनिश्चित करें, खासतौर पर बच्चों में, क्योंकि अधिकांश मामलों में साधारण खांसी अपने आप ठीक हो जाती है और उसके लिए दवा की जरूरत नहीं होती। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी सलाह दी गई कि वे निगरानी को और मज़बूत करें।

**बच्चों ने नहीं मिली कोई दूसरी बीमारी :** आईसीएमआर डीजी ने कहा कि कोई दूसरी बीमारी नहीं मिली। बैठक में पूछे एक सवाल के जवाब में आईसीएमआर डीजी डॉ राजीव बहल ने कहा कि एमपी और राजस्थान के प्रभावित जिलों में जब टीम ने दौरा किया तो दवा के अलावा अन्य किसी कारण का पता लगाने पर जोर दिया गया। जल स्त्रोतों को भी नमूने जाँचे गए। लेकिन किसी भी नमूने में वायरस या बैक्टीरिया का प्रमाण नहीं मिला। इससे साफ है कि किसी अन्य संक्रमण का प्रकोप नहीं है।

### डीजीसीए ने किराए....

बाद प्रमुख एयरलाइंस ने अक्टूबर और नवंबर के लिए सैकड़ों अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बताया कि वह 42 रूट्स पर करीब 730 अतिरिक्त उड़ानें चलाएगी। वहीं, एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर 20 रूट्स पर 486 अतिरिक्त उड़ानें जोड़ेंगी। स्पाइसजेट ने भी 38 सेक्टरों में 546 नई उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई है। डीजीसीए के प्रवक्ता ने कहा कि यह संस्था त्योहारी सीजन में किराए और उड़ानों पर सख्त निगरानी रखेगी ताकि यात्रियों के हित सुरक्षित रहें।

**बीते वर्षों में बढ़ा था किराया :** बीते कुछ वर्षों में त्योहारों और छुट्टियों के समय हवाई किराए में अचानक उछाल पर यात्रियों ने कई बार शिकायत की है। अधिकारियों का कहना है कि भारत की ओपन स्काई पॉलिसी के तहत एयरलाइंस अपने दाम खुद तय कर सकती है, लेकिन अगर किराए असामान्य रूप से बढ़ते हैं तो सरकार दखल देने का अधिकार रखती है।

### जमीन से 400 ....

लिए उड़ान भरी थी, उसने शाम 7.07 बजे लैंड किया। एयर इंडिया की फ्लाइट अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी।

**कैसे खुल गई रैट :** लैंडिंग के कुछ सेकंड पहले ही पायलट ने देखा कि विमान की रैट अपने आप ही खुल गई। यह उपकरण तभी खुलता है जब विमान को बिजली या हाइड्रॉलिक सिस्टम में पूरी तरह फेल्योर महसूस होता है। यानी विमान के संसर ने शायद गलत संकेत भेजा था। इसे सिस्टम एनोमली कहा जा रहा है। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया है। इसकी वजह से वापसी की फ्लाइट को रद कर दिया गया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं। सीनियर पायलटों ने बताया कि रैट तभी खुलती है जब विमान को तीन में से कोई एक बड़ी खराबी महसूस होती है। जैसे की दोनों इंजन फेल हो जाएं, पूरा हाइड्रॉलिक सिस्टम बंद हो जाए या फिर पूरी तरह बिजली सप्लाई फेल हो जाए।

### डिजिटल परिवर्तन के...

अध्यक्ष इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार विषय पर आम सभा को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान, विभिन्न विषयों पर सात कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी। लोकसभा अध्यक्ष "प्रौद्योगिकी का उपयोग करना : डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से लोकतंत्र को बढ़ावा देना और डिजिटल विभाजन को कम करना " विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दौरान सीपीए की कार्यकारी समिति की बैठक होगी, जिसमें सीपीए के कोषाध्यक्ष के रूप में संसद सदस्य (लोक सभा), अनुराग शर्मा और असम विधान सभा के अध्यक्ष, विश्वजीत दैमारी, जो भारतीय क्षेत्र से सीपीए कार्यकारी समिति के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों में से एक हैं, भाग लेंगे। संसद सदस्य (लोक सभा), डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, "राष्ट्रमंडल महिला सांसद (सीडब्ल्यूपी) संचालन समिति" की बैठक में भाग लेंगी। वह "राष्ट्रमंडल में महिलाओं के प्रति संवेदनशील संसदों की संकल्पना को साकार करने के लिए उत्तम प्रथाएं और रणनीतियाँ" विषय पर सीडब्ल्यूपी सम्मेलन सत्र में एक पैनलिस्ट भी होंगी। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों सहित शिष्टमंडल के अन्य सदस्य भी विभिन्न कार्यशालाओं और सम्मेलन की आम सभा में भाग लेंगे। इस यात्रा के दौरान लोक सभा अध्यक्ष द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे और अन्य राष्ट्रमंडल देशों के समकक्ष पीठासीन अधिकारियों के साथ पारस्परिक हित और संसदीय सहयोग के मामलों पर चर्चा करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष बारबाडोस प्रवास के दौरान बारबाडोस के शीर्ष नेताओं से भेंट करेंगे और प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद भी करेंगे ।

### ई-कॉमर्स कंपनियों...

भी ग्राहकों से एक निश्चित शुल्क वसूलती है। इसके सपोर्ट पेज के अनुसार, कंपनी हर ऑर्डर पर अमेजन मार्केटप्लेस फीस के रूप में 5 रुपए लेती है, जिसमें प्राइम मेंबर्स भी शामिल हैं।

कंज्यूमर हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत : सरकार का यह कदम ई-कॉमर्स सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा **रहा है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है** कि अगर किसी ऑर्डर में गलत चार्ज या छिपी हुई फीस ली जाती है, तो वे नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1915 पर शिकायत दर्ज करें। इसी तरह, स्विगी और जोमेटो जैसी क्विक-कॉमर्स कंपनियां भी पेमेंट से पहले अतिरिक्त चार्ज लगाती हैं, जो उनके प्रीमियम सब्सक्रिप्शन यूजर्स पर भी लागू होते हैं। विभाग के अनुसार 21 सितंबर से अब तक 3,981 शिकायतें मिली हैं जिनमें कंपनियों पर जीएसटी रेट घटने के बाद भी एमआरपी कम न करने का आरोप है। सरकार ने संकेत दिया है कि अब इन शिकायतों की जांच तेज होगी और उपभोक्ताओं को जल्द ही अधिक पारदर्शिता और भरोसेमंद शॉपिंग अनुभव मिलेगा।

### पीओके भारत के ....


सिंधी भाई बैठे हैं, मुझे बहुत खुशी है। वे पाकिस्तान नहीं गए थे, बल्कि अखंड भारत में ही थे। हालात ने हमें यहां लाकर बैठा दिया, वरना हमारा वह घर और यह घर अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि पीओके भारत के लिए सिर्फ एक भौगोलिक नहीं, बल्कि भावनात्मक मुद्दा भी है। डॉ. भागवत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पीओके में पाकिस्तान शासन के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

# कफ सिरप से एमपी में बच्चों के मौत की आशंका के बीच यूपी में अलर्ट जारी, बेचने पर रोक लगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मध्य प्रदेश समेत देश के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की खबरों के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को चेतावनी जारी की है। जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को संबंधित बैच की बिक्री रोकने के साथ ही उनके नमूने राज्य औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ योगी सरकार ने भी सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और रिपोर्ट आने तक उक्त कफ सिरप का प्रयोग पूर्णतः बंद रखा जाए।

रविवार को सहायक औषधि आयुक्त के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि मेसर्स स्रेशन फार्मक्यूटिकल द्वारा खास बैच के कोल्ड आरआईएफ़ सिरप में डाईएथिलीन ग्लाइकाल और एथेलिन ग्लाइकाल जैसे विषैले रसायनों की मौजूदगी की आशंका है। ये दोनों रसायन शरीर के लिए बेहद खतरनाक हैं और इनका सेवन जानलेवा साबित हो सकता है।




तिवारी ने अपने आदेश में सभी औषधि विक्रेताओं, सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि उक्त बैच के कफ सिरप की बिक्री, वितरण और उपयोग तत्काल रोका जाए। साथ ही दुकानों व अस्पतालों में उपलब्ध स्टॉक का नमूना जांच हेतु लखनऊ स्थित राज्य औषधि प्रयोगशाला में तत्काल भेजा जाए।

# झारखंड में मंदिर में तोड़फोड़ पर भड़के लोग, नेशनल हाईवे जाम किया

एजेंसी ▶▶ सिमडेगा

झारखंड के सिमडेगा जिले में एक मंदिर में तोड़फोड़ करने पर लोग भड़क उठे। गुस्साए लोगों ने नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने बताया कि सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में रविवार को स्थानीय लोगों ने एक मंदिर में कथित तोड़फोड़ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग 143 को जाम कर दिया। यह तोड़फोड़ शनिवार रात कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कलहाटोली स्थित बागचंडी मंदिर में हुई।



उन्होंने बताया कि आरोपी कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कलहाटोली का निवासी है। कोलेबिरा थाने के प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने कहा कि मंदिर में तोड़फोड़ से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने एक घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 143 को जाम रखा।

**चुनाव से पहले नीतीश सरकार की सौगात**

# बिहार के ढाई लाख शिक्षकों को मिलेगा 'पे प्रोटेक्शन' का लाभ, वेतन वृद्धि का भुगतान भी किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार ने शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए विशिष्ट शिक्षकों और नवनियुक्त प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ देने की घोषणा की है। इस निर्णय से राज्य के लगभग ढाई लाख से अधिक शिक्षकों को सीधा फायदा मिलने वाला है। शिक्षा विभाग के जारी प्रेस नोट के अनुसार, सक्षमता प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा पास करने वाले स्थानीय निकाय शिक्षक, जिन्होंने विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान किया है, उन्हें विद्यालय में योगदान की तिथि से वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा।

साथ ही अक्टूबर 2025 के वेतन के साथ बकाया वेतन वृद्धि का भुगतान भी किया जाएगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सक्षमता तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम परीक्षा पास करने वाले स्थानीय निकाय शिक्षकों को भी योगदान की तिथि से ही वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाएगा।



### प्रधान शिक्षकों के लिए भी राहत का एलान

हाल ही में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में लगभग 28 हजार 750 विशिष्ट शिक्षक व स्थानीय निकाय शिक्षक प्रधान शिक्षक के रूप में योगदान कर चुके हैं। शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है कि प्रधान शिक्षक के पद पर योगदान करने वाले सभी शिक्षकों को भी उसी दिनांक से वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा जिस दिन उन्होंने योगदान दिया है। यह निर्णय "बिहार प्रारंभिक विद्यालय प्रधान शिक्षक नियमावली-2024" के तहत लिया गया है, जिसके लिए शिक्षा विभाग जल्द ही अधिसूचना जारी करेगा।

# 58 की उम्र में पिता बने अरबाज



**मुंबई।** अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा ने रविवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूरा ने रविवार सुबह बेटी को जन्म दिया है। हालांकि, कपल की ओर से अब तक इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और न ही उन्होंने कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शूरा को कल मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरबाज की बेटी के जरिए खान परिवार ने लंबे वक्त बाद बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इससे पहले अरबाज को पहली पत्नी मलाइका से एक बेटा अरहान हुआ था। उनके एक भाई सोहेल के भी दो बेटे निर्वाण और योहान हैं। जबकि दूसरे भाई सलमान ने तो अब तक शादी ही नहीं की है। हालांकि, तीनों भाइयों की दो बहनें अलवीरा और अर्पिता जरूर हैं। अरबाज खान दूसरी बार पिता बने हैं।

लाइफ Style

# सामंथा
## सब कुछ नहीं हैं अच्छे नंबर



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ आसान सलाह दी। उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया कि कैसे उन्होंने स्कूल के दिनों में सहानुभूति, दया और अच्छा इंसान बनना सीखा। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस वीडियो में उन्होंने अपनी स्टूडेंट लाइफ को लेकर आज के छात्रों को खास सलाह दी और बताया कि उन्होंने आखिर एक छात्र के रूप में क्या कुछ सीखा और यह सबकुछ उनके लिए क्या मायने रखता है। रविवार को सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सामंथा ने कहा, 'मेरे स्कूल के दिनों की बहुत सारी यादें हैं, लेकिन आजकल के छात्रों का तनाव सुनकर दुख होता है।

मुझे लगता है कि अच्छे नंबर सब कुछ नहीं हैं। स्कूल में सबसे अच्छी चीज दोस्ती, दूसरों का सम्मान और दया सीखा था।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने स्कूल में किताबी बातें भूल गईं, लेकिन ये गुण आज भी मेरे काम आते हैं। ये जीवन के लिए सबसे जरूरी हैं।' फिर सामंथा ने 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट शेयर की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्याओं के सबसे ज्यादा मामले हुए। उन्होंने इस पर दिल टूटने वाली इमोजी लगाई। सामंथा रुथ प्रभु नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के सीजन 2 में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला

# टेलर का रिकॉर्ड दूसरे स्थान पर



**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप स्टार में से एक टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शो गर्ल'के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में बवाल काट चुकी हैं। एल्बम रिलीज के पहले ही दिन इसने 27 लाख कॉपियों की रिकॉर्ड बिक्री की है। ये आंकड़ा सिर्फ अमेरिका के अंदर का है और इससे टेलर का अब तक का सबसे बड़ा डेब्यू बन गया है। बिलबोर्ड को डेटा देने वाले ल्यूमिनेट के मुताबिक इस एल्बम ने अब तक का दूसरा सबसे बड़ा फर्स्ट-वीक सेल्स रिकॉर्ड बना दिया है।



# ओटीटी पर दस्तक देगी फाइनल डेस्टिनेशन-6

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की कल्ट हॉरर फ्रेंचाइजी फाइनल डेस्टिनेशन की छठी किस्त फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस अपनी धमाकेदार थिएटर रिलीज के बाद ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार है। फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स 16 अक्टूबर से अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में केवल जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। कलाकारों में रिचर्ड हार्मन, कैटलिन सांता जुआना, टियो ब्रियोन्स, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, रिया किहलस्टेड, अन्ना लोर और ब्रेक बैसिंगर शामिल हैं। फैंस को पुरानी यादों में खो देने के लिए, दिवंगत अभिनेता टोनी टॉड दिखाई देंगे जो उनकी आखिरी फिल्म थ। उन्होंने पिछली फिल्मों में विलियम ब्लडवर्थ को अपनी आवाज दी थी। इस बीच, रिपोर्ट्स की मानें तो सातवीं किस्त पहले से ही प्रोसेस में है और को-राइटर लोरी इवांस टेलर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।



# नीरू ने की नई फिल्म की घोषणा...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'जवाक' की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है ' जवाक'। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, 'और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता'। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026।' जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं।



# 31 को रिलीज होगी रोई-रोई बिनाले

**मुंबई।** हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया है। उनके निधन की जांच चल रही है। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में असमिया फिल्म निर्माता राजेश भुयान ने बताया है कि अपकमिंग फिल्म 'रोई रोई बिनाले', जो दिवंगत जुबीन गर्ग की निजी परियोजना थी, 31 अक्टूबर को देशभर में रिलीज होगी। भुयान ने यह भी बताया कि अपकमिंग फिल्म में गर्ग की 'मूल आवाज' की रिकॉर्डिंग होगी। उन्होंने कहा 'हम पिछले तीन वर्षों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी और संगीत जुबीन गर्ग ने लिखा था। यह पहली संगीतमय असमिया फिल्म है। हमने फिल्म का लगभग सारा काम पूरा कर लिया था। सिर्फ इसके बैकग्राउंड म्यूजिक का काम बचा था।'

टीवी मसाला



# अनीता बनी शो छोरियां चली गांव पहले सीजन की विनर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'छोरियां चली गांव' का कॉन्सेप्ट दर्शकों को काफी पसंद आया। इस शो में टीवी की जानी मानी हसीनाएं नजर आईं, जिन्हें गांव में रहना था। वहीं, अब 'छोरियां चली गांव' के पहले सीजन को इसका विनर मिल गया है। बीते दिनों 'छोरियां चली गांव' का ग्रैंड फिनाले था। इस सीजन के विनर का ताज टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी के सिर चढ़ा है। ग्रैंड फिनाले में अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर थी। ऐसे में अनीता के विनर बनते ही गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने शुरुआत से ही अपने गेम से न सिर्फ गांव वालों का बल्कि दर्शकों का भी दिल जीता। अनीता ने शो में खुद को प्रूव करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने गाय का दूध निकालने से लेकर गोबर उठाने और कुंए से पानी लाने तक सभी काम किए। इन्हीं सब चीजों के साथ अनीता ने हर किसी का दिल जीता। शो में आखिर तक अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन ट्रॉफी अनीता ले गईं। वहीं, कृष्णा श्रॉफ फर्स्ट रनरअप रहीं। शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया था। बता दें कि ग्रैंड फिनाले काफी धमाकेदार रहा। फिनाले में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स ने पावर पैक्ड परफॉरमेंस दी। इस दौरान डॉली जावेद की बहन उर्फी जावेद और कृष्णा श्रॉफ के बॉयफ्रेंड अजीम भी शो में नजर आएं।

## अरबाज और बाली एक-दूसरे से भिड़े!

**नई दिल्ली।** इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हो रहा शो 'राइज एंड फॉल' लोगों को खूब पसंद आ रहा है। शो में हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें



अरबाज पटेल और बाली एक दूसरे से जबरदस्त बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि अरबाज बाली से कहते हैं 'चुपचाप सुन लो'। इस पर बाली कहते हैं 'सुन ही रहा हूं।' अरबाज कहते हैं 'अगर मैं अपनी हरकतों में आ जाउंगा न तो'। इस पर बाली कहते हैं 'तूने नीचे आ के माफी क्यों मांगी। अकेला बैठता था वहां पे।' इस पर अरबाज कहते हैं 'अकेला नहीं बैठा चौड़ में घूमता था वहां पर। अभी भी यहां पर बैठा हूं। अब देखो खड़ा भी हो गया।' इस पर बाली कहते हैं 'तेरी बॉडी फुस है।' इस पर अरबाज कहते हैं 'मैं किसी से डरता नहीं हूं।' बाली कहते हैं 'तू खुद से डरता है। तू रोता रहता है। तू तालियां किस पर मार रहा है?' इस पर अरबाज कहते हैं 'तेरे पे मार रहा हूं।'

# महेंद्र कपूर का ये गीत सुन झट से मान जाएगी रूठी हुई प्रेमिका

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी और किशोर कुमार की तरह महेंद्र कपूर भी हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों की फेहरिस्त में शामिल रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर गीतों के जरिए सिनेप्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाया। आज हम आपको महेंद्र कपूर द्वारा गाए गए 58 साल पुराने एक ऐसे गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोमांटिक सॉन्ग की तर्ज पर हर किसी का फेवरेट माना जाता है। गाने के बोल ऐसे हैं, अगर आपकी रूठी हुई प्रेमिका सुन ले तो झट से मान जाए। इस गीत को अभिनेता सुनील दत्त पर फिल्माया गया था।

***सुपरहिट सॉन्ग*** : सिंगर महेंद्र कपूर की मधुर आवाज किसी भी गीत को अमर कराने के लिए काफी थी। आज भी उनके गानों को फैंस सुनना पसंद करते हैं। सुरों के सुरताज महेंद्र के जिस गाने के बारे में यहां जिक्र किया जा रहा है, वह 1967 में आई फिल्म हमराज से था। इस मूवी में सुनील दत्त, विमी, मुमताज और राज कुमार जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को




अदा किया था।

***वादियों में हुआ था शूट*** : हमराज का एक रोमांटिक सॉन्ग तुम अगर साथ देने का वादा करो... आज भी हर किसी का फेवरेट माना जाता है। सुनील दत्त और अभिनेत्री विमी पर फिल्माया गया ये पॉपुलर गीत महेंद्र कपूर ने ही गाया था। उनके द्वारा गाए गए बेहतरीन सॉन्ग की लिस्ट में इस गाने का नाम जरूर शामिल होता है। वादियों में शूट हुआ ये गीत और उस पर महेंद्र की जादुई आवाज का कॉम्बिनेशन बेहद खास रहा। यही कारण है जो लगभग 6 दशक बाद भी तुम अगर साथ देने का वादा करो गाने को सुनकर दिल को सुकून पहुंच जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर आप भी पुराने गाने सुनने के शौकीन हैं तो ये महेंद्र कपूर का ये सॉन्ग आपको जरूर सुनना चाहिए।

***इन कलाकारों को महेंद्र ने दी आवाज*** : सिर्फ सुनील दत्त ही नहीं बल्कि बतौर प्लेबैक सिंगर महेंद्र कपूर दिलीप कुमार और मनोज कुमार जैसे कई कलाकारों की आवाज बने थे। खासतौर पर मनोज की कई फिल्मों में बतौर सिंगर महेंद्र ने कई बेहतरीन गाने गाए थे। उदाहरण के लिए आप मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम फिल्म के भारत का रहने वाला हूं... देशभक्ति गीत का नाम ले सकते हैं।

# सारा ने पहली बार किया भाई इब्राहिम के साथ रैंप वॉक...


**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की आपस में खूब बनती है। दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा पल बिताते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। हाल ही में दोनों ने डिजाइनर अभिनव मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। डिजाइनर ने बेहतरीन ड्रेस लॉन्च की। सारा और इब्राहिम ने अपनी चंचलता के साथ दोस्ती का तड़का लगाया और रैंप वॉक के मौके पर लोगों का ध्यान खींचा। शो के लिए इब्राहिम अली खान ने कतान सिल्क से बनी एक शाही शेरवानी चुनी, जिस पर शीशे का काम, रेशम और जरी की बारीक कढ़ाई थी। 'सरजमीं' स्टार की इस पोशाक में एक राजसी आभा झलक रही थी। दूसरी ओर, सारा अली खान ने शाही ड्रेस चुनी। इस पर खास शीशे का काम, जरी और रेशम से हाथ से कढ़ाई की गई थी। झिलमिलाते क्रिस्टल से इस ड्रेस को और भी निखारा गया था। इब्राहिम और सारा पहली बार साथ-साथ चले, जिससे उनकी स्वाभाविक केमिस्ट्री की झलक मिली और उन्होंने शो के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया।



## खूनी लव स्टोरी के साथ कॉमेडी का होगा तड़का
# दिवाली पर थामा से होगी एक दीवाने की टक्कर

*__मुंबई।__ दिवाली में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मी धमाके होंगे। क्योंकि एक से बढ़कर एक फिल्में दिवाली के आगे-पीछे रिलीज होनी हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर थामा का है। यह मैडॉक के सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। दिवाली पर सबसे बड़ी रिलीज थामा ही है। थामा 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मैडॉक के लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की ये पांचवीं फिल्म है। अब तक पसंद की गई इस यूनिवर्स की फिल्मों में अब थामा एक नया अध्याय जोड़ने वाली है। थामा में वैम्पायर्स की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसीलिए मेकर्स इसे एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। थामा में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, जो इससे पहले इस यूनिवर्स की फिल्म मुंज्या का निर्देशन कर चुके हैं।*





## एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी होगी रिलीज

एक ओर जहां ये दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, वहीं दूसरी ओर 3डी एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भगवान राम से जुड़ी फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज करने से बेहतर मौका और क्या हो सकता है। महावतार नरसिम्हा की सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में कुणाल कपूर ने प्रभु श्रीराम के किरदार को आवाज दी है। जबकि जिम्मी शेरगिल लक्ष्मण, मौनी रॉय माता सीता, मुकेश ऋषि हनुमानजी और गुलशन ग्रोवर ने रावण की आवाज दी है।

## जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हर्षवर्धन राणे

एक ओर जहां थामा एक खूनी लव स्टोरी लेकर आएगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का होगा। वहीं, दूसरी ओर सनम तेरी कसमसे सच्चे आशिकों में शुमार हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा स्टारर 'एक दीवाने की दीवानियत' भी थामा के साथ ही 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल सैयारा एक सरप्राइज ब्लॉकबस्टर प्रेम कहानी रही है। ऐसे में अब 'एक दीवाने की दीवानियत'को हल्के में लेना बेईमानी होगी। हर्षवर्धन राणे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं। फिल्म के गानों और टीजर से ये साफ है कि इस बार की कहानी 'सनम तेरी कसम' से ज्यादा इंटेंस होने वाली है। क्योंकि ये एक जुनूनी लव स्टोरी है। टाइटल ट्रैक से लेकर फिल्म के बाकी गानों को भी पसंद किया जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि थामा का ट्रेलर सामने आ चुका है, लेकिन, अब तक 'एक दीवाने की दीवानियत'का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। अब देखना ये है कि थामा और एक दीवाने की दीवानियत में कौन बाजी मारता है।

## एमपी और गुजरात के अफसरों की हाईलेवल मीटिंग में सरदार सरोवर प्रोजेक्ट पर हुआ विचार-विमर्श

# मध्यप्रदेश को उत्पन्न बिजली में 57 प्रतिशत की मिलेगी हिस्सेदारी

**पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को लेकर बनी दो राज्यों के मुख्य सचिवों के बीच सहमति**

**डूब क्षेत्र में आने वाली शासकीय राजस्व, आबादी एवं वन भूमि की प्रतिपूर्ति राशि को लेकर सिद्धांत तय किए गए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश और गुजरात राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें सरदार सरोवर प्रोजेक्ट संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य सरदार सरोवर प्रोजेक्ट से संबंधित मुद्दों का आपसी समन्वय से निराकरण करना था। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा गुजरात के मुख्य सचिव पंकज जोशी ने की।

बैठक में नर्मदा घाटी विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, सचिव जॉन किंग्सली, सीएमडी, एसएसएनएनएल मुकेश पुरी तथा दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों राज्यों के बीच सरदार सरोवर प्रोजेक्ट में गुजरात के गरुड़ेश्वर वियर के माध्यम से पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को लेकर सहमति बनी। मध्यप्रदेश सरकार इसमें सशर्त सम्मिलित होगी, इससे मध्यप्रदेश सरकार को उत्पन्न बिजली में 57% की भागीदारी मिलेगी। साथ ही सरदार सरोवर के डूब क्षेत्र में आने वाली शासकीय राजस्व, आबादी एवं वन भूमि की प्रतिपूर्ति राशि को

## किसानों से 1544 करोड़ नहीं वसूल पाए अफसर ईएनसी ने जताई नाराजगी और मांगी रिपोर्ट

जलसंसाधन विभाग के मैदानी अफसर किसानों से 1544 करोड़ रुपए की वसूली नहीं कर पा रहे हैं। कुल 1738 करोड़ 43 लाख रुपए की वसूली की जाना है, उसमें से अभी तक केवल 194 करोड़ 33 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। पिछले दिनों विभाग के रेवेन्यू की समीक्षा करते हुए एसीएस डा. राजेश राजौरा ने फटकार भी लगाई थी। जिसका असर है कि अब ईएनसी ने नाराजगी जताते हुए अफसरों से रिपोर्ट मांगी है। जलसंसाधन विभाग को अपने पंद्रह कार्यालयों के अंतर्गत एक अप्रैल 2025 तक की स्थिति में बकाया ब्याज और अन्य राशि सहित 1215 करोड़ 76 लाख 44 हजार रुपए की वसूली करना बाकी थी। वहीं इस वर्ष के 522 करोड़ 66 लाख रुपए की वसूली और बाकी हो गई। इस तरह से कुल 1738 करोड़ 43 लाख रुपए की वसूली बाकी है। जलसंसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने बकाया वसूली नहीं हो पाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चंबल बेतवा, गंगा एवं बाणसागर परियोजना, नर्तदा ताप्ती कछार, यमुना कछार, जलसंसाधन विभाग नर्मदापुरम, राजघाट नहर परियोजना दतिया, धसान केन कछार, वेन गंगा कछार, जलसंसाधन विभाग उज्जैन, मुख्य अभियंता बोधि के मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर बकाया वसूली में तेजी लाने को कहा है।

### हर माह की दस तारीख तक रिपोर्ट देने का निर्देश

*सभी मुख्य अभियंताओं को कहा गया है कि हर माह दस तारीख तक राजस्व वसूली के आंकड़े उनके कार्यालय को संभागवार, लक्ष्य और प्रयोजनवार उपलब्ध कराएं, ताकि कछारवार की जाने वाली प्रगति का मूल्यांकन हो सके। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल को प्रदाय जल की जलदर प्राप्ति के अवशेष और अनुबंध की जानकारी भी दें। उद्योगों, निजी पावर प्लांट और एनटीपीसी राजस्व वसूली की जानकारी अलग-अलग भेजें, उद्योगों और नगरीय निकायों को दिए जा रहे जल के स्रोत अनुबंध की स्थिति और जलप्रदाय की स्थिति की जानकारी भी भेजें।*

### गंगा कछार रीवा पर सर्वाधिक बकाया

*गंगा कछार रीवा पर 501 करोड़ 41 लाख, जलसंसाधन विभाग नर्मदापुरम पर 306 करोड़ 68 लाख, यमुना कछार ग्वालियर, राज नहर सिंध परियोजना दतिया, बेनगंगा कछार सिवनी पर भी करोड़ों रुपए की वसूली की जाना बाकी है। अधिकांश अधिकारी राजस्व वसूली की जानकारी निर्धारित फार्मेट में समय सीमा में भेजने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, इस पर ध्यान देकर वसूली बढ़ाएं और समय पर जानकारी दें।*

## तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने के लिए जापानी निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शताब्दी ट्रेन से चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने इस दौरान कुछ इलेक्ट्रानिक क्षेत्रीय चैनलों से बातचीत की और अपने जापान दौरे तथा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अपने जापान के दौरे के बारे में बताया कि वे 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जापान के दौरे पर रहेंगे। तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने के लिए जापानी निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे, वहीं जापान में बसे हरियाणा के लोगों से भी संवाद करेंगे।उन्होंने कहा कि हरियाणा की उद्योग नीति के मुताबिक जापान दौरा निवेश बढ़ाने और नए अवसर पैदा करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा आगामी 17 अक्टूबर को प्रदेश की वर्तमान सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है। , इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पधारेंगे और अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

■ **रेलयात्रियों के साथ की मुख्यमंत्री ने की गुफ़्तगू**



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीन गुणा गति से काम कर रहे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश सरकार के 1 साल पूरा होने पर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा तीन गुना गति से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र के 42 वायदे पूरे हो चुके हैं और 90 पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य की करीब 19 लाख बहनों को मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है। सरकार के तीसरे कार्यकाल में अब तक 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। राज्य में पंचायत की जमीन पर 20 साल से कब्जा किए बैठे लोगों को मालिकाना हक दिया जा रहा है।

### एमएसपी को लेकर विपक्ष द्वारा दुष्प्रचार कर रहा

मुख्यमंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि एमएसपी को लेकर विपक्ष द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सारे आरोप हवा हो चुके हैं। कांग्रेस खत्म हो चुकी है और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश की सरकार लगातार जनहित के काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने एक साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाया है। सीएलयू सीडी कांड के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामले कांग्रेस सरकार के समय होते थे।

**वारदात के बाद आरोपी चालक फरार**

## पुल के रेलिंग पर खड़े युवक को ट्रक ने कुचला, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक दर्दनाक हादसा हुआ है। तुमान कटघोरा पेंड्रा रोड की बरबसपुर जटाशंकरी नदी के पुल पर एक ट्रक ने रेलिंग पर खड़े युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जटगा पुलिस पहुंची और ट्रक को हटाने के प्रयास किए। हादसे के कारण दोनों तरफ लंबी कतारें लग गईं। घटना के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, संदीप यादव पुल पर रेलिंग में खड़ा था, एक सीमेंट से भरे ट्रक की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दी। लगभग 1 घंटे तक जाम लगा रहा, जिसे खुलवाने के लिए कटघोरा थाना प्रभारी ने तहसीलदार से बात की और 25000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की तब जाकर जाम समाप्त किया।

**मप्र में वन्य जीव संरक्षण के लिए नवाचार और प्रयास निरंतर जारी: डॉ. मोहन**

## सीएम डॉ. यादव ने किया असम के वन्य जीव कन्वेंशन सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को असम राज्य के कोहोरा स्थित वन्य जीव कन्वेंशन सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने सेंटर में वन्य जीवों के संधारण एवं प्रजाति संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वन्य जीव हमारी धरोहर हैं। ये धरती की खुशहाली का प्रतीक हैं।

मध्यप्रदेश में भी वन्य जीव संरक्षण के लिए अनेक नवाचार और प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस कन्वेंशन सेंटर कम म्यूजियम की पहचान न केवल वन्य जीव संरक्षण कार्यों से, बल्कि अवैध शिकार और वन्यजीवों के अवैध व्यापार पर रोकथाम के लिए किए गए ठोस कदमों से भी जुड़ी है। यहां 22 सितंबर 2021 को विश्व गैंडा दिवस के अवसर पर यहां राज्यभर से बरामद 2,479 गैंडों के सींगों का औपचारिक दहन किया गया था। यह कदम असम की वन्यजीव संरक्षण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

## घुनघुट्टा नदी में डूबा नाबालिग छात्र, दूसरे दिन बारह किलोमीटर दूर मिला मासूम का शव



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले स्थित ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा में खेलने के दौरान घुनघुट्टा नदी में डूबे 9वीं कक्षा के छात्र शव दूसरे दिन 12 किलोमीटर दूर मिला। शव मिलने की सूचना पर परिजन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दरअसल, छात्र 1 अक्टूबर की दोपहर खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने लगे। इसी बीच उसके कपड़े और चप्पल घुनघुट्टा नदी के किनारे मिले थे। इस संबंध में सूरजपुर जिले की जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय कक्षा चौथी कक्षा का छात्र आकाश राजवाड़े पिता अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल नदी किनारे पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

## हिंदी विवि: सेवानिवृत्ति के पहले परीक्षा विभाग में अटके प्रो. राजीव वर्मा के अनापत्ति प्रमाण पत्र, रुक सकती हैं कई सुविधाएं

**भोपाल।** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय एक बार फिर से चर्चाओं में आ गया है। विवि में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत प्रो. राजीव वर्मा की सेवानिवृत्ति अक्टूबर 2025 में होने जा रही है। सेवानिवृत्ति की औपचारिकता के तहत विश्वविद्यालय के हर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया जाना अनिवार्य है। ऐसे में प्रो. वर्मा को विवि के सभी विभागों से यह प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिन परीक्षा विभाग से अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब प्रो वर्मा को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन सहित अन्य कई सुविधाओं के लाभ भी अटक सकते हैं।

■ **अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं प्रोफेसर**

हरियाणा सरकार

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति दिनांक 26.02.2021 के अंतर्गत

**सोनीपत शहर में फ्लैट का ड्रॉ**







**दिनांक - 08.10.2025 | समय - दोपहर 1:00 बजे**

**स्थान - सभागार, दीन बंधू छोटू राम विश्वविद्यालय, मुरथल, सोनीपत**

निजी कॉलोनाइज़र्स की सूची जिन्होंने ईडब्ल्यूएस नीति दिनांक 26.02.2021 के अंतर्गत आवंटन हेतु फ्लैट्स की पेशकश की

फ्लैट का क्षेत्रफल (लगभग) 200 वर्ग फुट

फ्लैट की कीमत* 1.50 लाख रुपये

| क्र. सं. | कॉलोनाइज़र का नाम | कॉलोनी का स्थान | पेशकश किए गए फ्लैट्स की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पार्कर इंफ्रा प्रा. लि. | सैक्टर-27, गाँव अहमदपुर, सोनीपत | 137 |
| 2 | आकर्षक रियलटर्स प्रा. लि. | सैक्टर-8, एन.एच.-1, सोनीपत | 102 |
| 3 | परदेसी डेवलपर्स प्रा. लि. | सैक्टर-61, सोनीपत | 124 |
| 4 | इंडियन रेलवे वेलफेयर ऑर्गेनाइज़ेशन | सैक्टर-10, सोनीपत | 88 |
| 5 | जे.बी.बी. एवरेस्ट बिल्डटेक प्रा. लि. | सैक्टर-61, सोनीपत | 58 |

*आवंटन के लिए अधिकतम मूल्य प्रति फ्लैट ₹1.50 लाख अथवा ₹750/- प्रति वर्ग फुट निर्धारित है।

- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत सोनीपत शहर के जिन आवेदकों द्वारा 10,000 रुपये की राशि जमा करवाई गई थी तथा सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए थे, ऐसे 794 आवेदकों को 509 फ्लैट का आवंटन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।
- ड्रॉ में घुमंतु जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, सोनीपत या हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा 0172-2585852

वेबसाइट https://hfa.haryana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## चिंतन

# पहाड़ों पर बार-बार क्यों पड़ रही प्रकृति की मार

हिमाचल प्रदेश और उतराखंड पर प्रकृति की मार से उभर भी नहीं पाए थे कि दार्जिलिंग में मौसम ने कहर बरपा दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में स्थित पहाड़ों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। लगातार बरसात के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुए। इन भूस्खलनों से 40 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग अभी तक लापता हैं। भूस्खलन के कारण कई घर पूरी तरह से बह गए। इन घरों में रहने वाले लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया। सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई जगहों पर सड़कें टूट गईं या मलबे से भर गईं। असल में भूटान में लगातार हो रही बारिश के कारण पानी उत्तर बंगाल में बह रहा है। केवल 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। जिसने जमकर बर्बादी की है। इससे आवागमन पूरी तरह से रुक गया है। कई दूरदराज के गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से टूट गया है। भूस्खलन और सड़क मार्ग पर अवरोधों के कारण पूरे क्षेत्र में हजारों पर्यटक फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार और प्रशासन उन्हें किसी तरह आपदा से बाहर लाने की कोशिशों में जुटे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले से ही दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छह अक्टूबर तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। साथ ही, मिट्टी की नाजुक स्थिति के कारण और अधिक भूस्खलन और सड़कों पर अवरोध पैदा होने की चेतावनी दी गई थी। असल में अब पहाड़ों का जानलेवा होना कोई नया नहीं रह गया है। कई सालों से लगातार देखने में आ रहा है कि पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। 2010 से 2025 के बीच पहाड़ों पर हुईं भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने 5949 से अधिक लोगों की जान ले ली। ऐसी घटनाओं का मुख्य कारण कहीं न कहीं मनुष्य और आबादी क्षेत्र का विस्तार है। यह अंधाधुंध विकास और पर्यावरण के असंतुलन का परिणाम है। बीते कुछ दशकों में हमने अपने पहाड़ों की संपदा का 40 से 50 प्रतिशत दोहन बढ़ा दिया है। इससे न केवल जल चक्र प्रभावित हुआ बल्कि सीधे तौर पर मानव जीवन और पर्यटन अर्थ आवासीय संरचना को काफी बढ़ाया है। इन क्षेत्रों में लोगों के पास रहने के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है। ऐसे में वह उन जगहों पर रहने के लिए मजबूर हैं जहां पर प्राकृतिक आपदा आ सकती है। इसके अलावा पहाड़ों पर लगातार हो रही घटनाओं का कारण भूमि स्ट्रक्चर में बदलाव को भी माना जा रहा है। बीते वर्षों में केदारनाथ त्रासदी 2013, चमोली त्रासदी 2021, जोशीमठ त्रासदी 2023 और इस साल उत्तराखंड के धराली, हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर में जो भी घटनाएं हो रही हैं। वह सब इसी के एक बड़ा उदाहरण हैं। मौजूदा समय में हम क्लाइमेट चेंज के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां पर मौसम बिल्कुल अनिश्चित है। कभी गर्मी का मौसम लंबा खिंचता है तो कभी सर्दी का, इसने हमारे इको सिस्टम को प्रभावित किया है। इसी का असर है कि जिन बादलों को मैदान की तरफ जाकर बरसना चाहिए, वह जलवायु दबाव के कारण पहाड़ों पर ही अचानक से बरस जा रहे हैं। इसके अलावा धरती और समंदर दोनों लगातार गर्म हो रहे हैं। ऐसे में बादलों के बरसने का जो नियम है वह पहाड़ों पर ठंडा मौसम होने के कारण वहां पर अधिक विकराल रूप ले रहा है। अगर हम भी नहीं चेते तो तय है कि ये प्रकृतिक आपदाएं और भी विकराल रूप ले लेंगी। इससे पहाड़ों में जीवन ही कठिन हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हम प्रकृति को उसके हाल पर छोड़ दें। उससे ज्यादा छेड़छाड़ पूरी मानव सभ्यता के लिए हानिकारक है।



श्रद्धांजलि
नरेंद्र मोदी

# उपलब्धियों से भरा रहा मल्होत्रा का जीवन

भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस स्थापन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया।

कुछ दिन पहले, भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। वीके मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस आघात और विस्थापन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया। इसके बजाए, उन्होंने स्वयं को दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्हें आरएसएस और जनसंघ की विचारधारा में राष्ट्रसेवा का रास्ता नजर आया।

बंटवारे का वो समय बहुत चुनौतीपूर्ण था। मल्होत्रा ने सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने उन हजारों विस्थापित परिवारों की मदद की, जिन्होंने सब कुछ खो दिया था। उनका जीवन संवारने और उन्हें फिर से खड़े होने में मदद की। यही जनसंघ की प्रेरणा थी। उन दिनों उनके साथी मदनलाल खुराना और केदारनाथ साहनी भी बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में शामिल होते थे। उन लोगों की निःस्वार्थ सेवा को आज भी दिल्ली के लोग याद करते हैं। 1967 के लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव तब अपराजेय मानी जाने वाली कांग्रेस के लिए चौंकाने वाले रहे थे। इसकी बहुत चर्चा होती है, लेकिन एक कम चर्चित चुनाव भी हुआ। वो था, दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का पहला चुनाव। राष्ट्रीय राजधानी में जनसंघ ने शानदार जीत दर्ज की।

आडवाणी काउंसिल के चेयरमैन बने और मल्होत्रा को चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसलर की जिम्मेदारी दी गई, जो मुख्यमंत्री के लगभग बराबर का पद था। तब उनकी उम्र केवल 36 वर्ष थी। उन्होंने अपने कार्यकाल को दिल्ली की जरूरतों, खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों से जुड़े मुद्दों पर फोकस किया। इस जिम्मेदारी ने मल्होत्रा जी का दिल्ली से जुड़ाव और मजबूत कर दिया। जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर मल्होत्रा सक्रिय रूप से जनता के साथ खड़े होते और उनकी आवाज बुलंद करते। उन्होंने 1960 के दशक में गौ रक्षा आंदोलन में भी हिस्सा लिया, जहां उनके साथ पुलिस की ज्यादतियां भी खूब हुईं। आपातकाल विरोधी आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। दिल्ली की सड़कों पर जब सिखों का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा था, तब वे शांति और सद्भावना की आवाज बनकर सिख समुदाय के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहे। उनका मानना था कि राजनीति, चुनावी सफलता के अलावा सिद्धांतों, मूल्यों और लोगों की रक्षा के लिए भी है, जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। 1960 के दशक के उत्तरार्ध में वीके मल्होत्रा सार्वजनिक जीवन का एक स्थायी चेहरा बन गए थे। बहुत कम नेता ऐसा दावा कर सकते हैं कि उनके पास लोगों के बीच रहकर काम करने का इतना लंबा और ठोस अनुभव है। वो एक अथक कार्यकर्ता, उत्कृष्ट संगठनकर्ता और एक संस्था निर्माता थे। उनमें चुनावी राजनीति और संगठनात्मक राजनीति, दोनों में समान



रूप से सहजता के साथ काम करने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने जनसंघ और भाजपा की दिल्ली इकाई को स्थिर नेतृत्व दिया। अपने लंबे सेवाकाल में मल्होत्रा ने सिविक एडमिनिस्ट्रेशन संभाला, राज्य विधानसभा में भी पहुंचे और देश की संसद में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। 1999 के लोकसभा चुनाव में डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ उनकी शानदार जीत समर्थकों और विरोधियों के बीच आज भी याद की जाती है। ये एक बेहद हाई-प्रोफाइल चुनाव था। कांग्रेस की पूरी ताकत उनके दक्षिण दिल्ली क्षेत्र में उतर आई थी। लेकिन मल्होत्रा ने कभी बहस का स्तर नीचे नहीं किया। उन्होंने पॉजिटिव कैंपेन चलाया। गालियों और हमलों को नजरअंदाज किया और 50 प्रतिशत से ज्यादा वोटों के साथ जीत हासिल की। ये जीत सिर्फ प्रचार के दम पर नहीं मिली थी। ये जीत मल्होत्रा की जमीन पर मजबूत पकड़ की वजह से मिली थी। कार्यकर्ताओं से आत्मीय संबंध बनाकर रखने और मतदाताओं के मन की थाह लेने में वो माहिर थे। मल्होत्रा संसद में सटीक तैयारी के साथ अपनी बात रखते थे। वो पूरी रिसर्च करके आते थे और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखते थे। यूपीए-1 के दौरान विपक्ष के उपनेता के रूप में उन्होंने जिस तरीके से काम किया, वो राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए एक मूल्यवान सबक की तरह है। उन दिनों मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था और अक्सर मल्होत्रा से बातचीत होती। वो हमेशा गुजरात की विकास यात्रा के बारे में जानने को उत्सुक रहते थे। राजनीति, वीके मल्होत्रा के व्यक्तित्व का केवल एक पहलू थी। वो एक उत्कृष्ट शिक्षाविद भी थे। उनके परिवार से मुझे पता चला कि उन्होंने स्कूल में डबल प्रमोशन हासिल किया। उन्होंने मैट्रिक और ग्रेजुएशन निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली। उनकी हिंदी पर इतनी अच्छी पकड़ थी कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों का हिंदी अनुवाद प्रायः वही करते थे। वे आरएसएस से जुड़ी कई संस्थाओं के संस्थापक और संरक्षक रहे। उनके प्रयासों से अनेक सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्थाओं का विकास हुआ और मार्गदर्शन मिला। इन संस्थाओं के माध्यम से कई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने एक ऐसे समाज का विजन दिया, जो आत्मनिर्भर हो और मूल्यों पर टिका हो। मल्होत्रा ने राजनीति और अकादमिक जीवन से परे, खेल जगत में भी अमिट छाप छोड़ी। तीरंदाजी उनका गहरा शौक था और वो कई दशकों तक आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजी को ग्लोबल पहचान मिली। उन्होंने खिलाड़ियों को मंच और अवसर दिलाने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए। खेल प्रशासन में भी उन्होंने वही गुण दिखाए जो सार्वजनिक जीवन में थे, यानी समर्पण, संगठन क्षमता और उत्कृष्टता की निरंतर खोज।वी के मल्होत्रा जी को आज लोग उनके द्वारा संभाले गए पदों के साथ ही उनकी संवेदनशीलता के लिए भी याद कर रहे हैं। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्तित्व की रही, जो हमेशा लोगों की मुश्किलों में उनके साथ खड़े रहे। जहां भी मदद की जरूरत पड़ी, वहां उन्होंने खुद आगे बढ़कर योगदान दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों से पीछे नहीं हटे। वे आदर्श पार्टी कार्यकर्ता थे, कभी ऐसा कुछ नहीं बोलते थे जिससे हमारे कार्यकर्ताओं या विचारधारा को ठेस पहुंचे।

कुछ दिन पहले, मैं दिल्ली भाजपा के नए मुख्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुआ था। वहां मैंने स्नेहपूर्वक वीके मल्होत्रा को याद किया। इस वर्ष तीन दशक बाद जब भाजपा ने दिल्ली में सरकार बनाई, तो वो बहुत उत्साहित थे। उनकी अपेक्षाएं बहुत बड़ी थीं, जिन्हें हम पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन और उपलब्धियों से प्रेरणा पाती रहेंगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत




# हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों से तबाही का खतरा

जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों के पिघलने की गति जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी गति से ग्लेशियर झीलों की तादाद भी बढ़ रही है। इस हिमालयी इलाके में ग्लेशियर झीलों की बेतहाशा बढ़ती तादाद निचले इलाकों में रहने वालों के लिए भीषण खतरा बन गई है। उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों के आकार में तेजी से हो रही बढ़ोतरी ने वैज्ञानिकों और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों के अध्ययन इस बात के जीते-जागते सबूत हैं कि ग्लेशियर झीलों के विस्तार भविष्य में 2013 की केदारनाथ त्रासदी जैसी भीषण आपदा का सबब बन सकती है। इसलिए इस पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की जरूरत है। यदि हिमालयी राज्य उत्तराखंड को लें, तो इसके उच्च हिमालयी क्षेत्र में लगभग 1266 से भी अधिक ग्लेशियर झीलें हैं। इनमें 13 तो बेहद खतरनाक हैं। इनमें भी पांच उच्च जोखिम वाली क्षेणी में हैं। इनमें बहुतेरी झीलें ऐसी हैं जो विभिन्न कारणों से बनती-बिगड़ती रहती हैं। हाल ही में एक नयी आफत दस्तक दे रही है। वह यह है कि पिथौरागढ़ की दारमा घाटी के ऊपर करीब सात सौ मीटर लम्बी और छह सौ मीटर चौड़ी ग्लेशियर झील ने वैज्ञानिकों को अचरज में डाल दिया है। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि इस झील के आकार में बीते दिनों करीब तीस फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले अरुणाचल में 197 से ज्यादा ग्लेशियर झीलें हैं। ये अपना खतरनाक स्तर पर विस्तार कर रही हैं। इनके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल में 6 और उत्तराखंड में 5 झीलें हैं। कुल मिलाकर 2025 में ही 1,435 ग्लेशियर झीलों का विस्तार हुआ है जो तबाही का संकेत है। गौरतलब है कि ग्लेशियर झीलों का मुद्दा 2013 में केदारनाथ आपदा के समय महत्वपूर्ण बन गया जबकि चौराबाडी ग्लेशियर की झील के फटने से तबाही आई थी। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के मुताबिक उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में लगभग 968 ग्लेशियर हैं जिनमें 12000 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। देखा गया है कि आये दिन उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर से बनने वाली झीलों में जरूरत से ज्यादा पानी आने के कारण बाढ़ का खतरा मंडराता रहता है। इनको लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी द्वारा इन बर्फीली वादियों में बनी झीलों पर बीते महीनों में किये गये अध्ययनों में कई हैरानी वाली बातें सामने आयीं हैं। इसकी पुष्टि वाडिया इंस्टीटयूट आफ हिमालयन जियोलाजी के शोध में भी की गई है। शोध में खुलासा हुआ है कि इन झीलों में पानी बढ़ने से इनका आकार तेजी से विकराल रूप लेता जा रहा है। इसके चलते हमेशा आउटबर्स्ट का खतरा बना रहता है। 2021 में हिमनद का एक हिस्सा टूटने से चमोली में धौलीगंगा नदी में बाढ़ और 2013 में केदारनाथ त्रासदी इसकी जीती-जागती मिसाल है। चूंकि हिमालयन क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से काफी संवेदनशील है, इसलिए यह खतरा और बढ़ जाता है। यही वजह है कि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद हिमालयी अंचल में बनी इन झीलों से आने वाले भीषण खतरों के प्रति काफी चिंतित हैं। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि भारत में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के शोध-अध्ययन और रिपोर्ट इस बात के प्रमाण हैं कि भारत में मौजूद 432 ग्लेशियर झीलों में बहुतेरी ऐसी हैं जिनका आकार जून 2025 के दौरान बढ़ा है। केन्द्रीय जल आयोग की मानें तो देश में सबसे अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार में चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं जो खतरनाक संकेत हैं। याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। फिर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बर्फ के पिघलने से पूरा का पूरा पारिस्थितिकीय तंत्र बदल जाता है जो पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। बढ़ते खतरे से निपटने की दिशा में हमें तत्काल कार्रवाई, फंडिंग के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग की भी बहुत जरूरत है। इसके अलावा हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जाएंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे, खेत सूख जाएंगे, जमीन बंजर हो जाएगी। निष्कर्ष यह कि आपदा प्राकृतिक हो या मानवीय निर्मित ,प्राकृतिक आपदा को तो हम रोक नहीं सकते लेकिन जागरूकता, सतर्कता और सावधानी से होने वाले जान-माल के नुकसान को कम जरूर कर सकते हैं। इसलिए ऐसे कदम प्राथमिकता के आधार पर तो हम उठा ही सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पशुओं के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लें

चार अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। देश में पशु जगत की दुर्दशा को देखकर मन विचलित हो जाता है। गोधन की दुर्दशा देखकर हृदय कंपित हो उठता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पशुओं के प्रति प्रेम और सहानुभूति अभूतपूर्व थी। पशुओं के संरक्षण के लिए आज हमें ठोस प्रयास करने होंगे। पशुओं का अनिवार्य रूप से संरक्षण होना चाहिए। सामूहिक रूप से हिंसा उन्मूलन के प्रयास तेज होने चाहिए। उससे अहिंसात्मक मूल्यों की प्राणप्रतिष्ठा हो सकती है। पशु दुर्व्यवहार एक तरह से जानबूझ कर करने वाला कार्य जैसे मारना, जलाना, भोजन-पानी, आश्रय, देखभाल में कमी जैसी उपेक्षा से पशुओं को पीड़ा होती है। पशु शिकायत नहीं कर सकते। इसलिए हमें उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

*- अशोक दुबे, दुर्ग*

## ट्रेंड

### दार्जिलिंग में पुल दुर्घटना



दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुई दुखद जनहानि से मैं बेहद दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### मेरी गहरी संवेदनाएं



पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से कई लोगों की मौत और कई के लापता होने की ख़बर बेहद दुखद है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की आशा करता हूं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### जवाबदेही तय करे सरकार



यह बेहद शर्म की बात है कि भाजपा सरकार में ऐसी आदर्श योजना भी बदनाम हो रही है क्योंकि खांसी की दवा से मौतें हो रही हैं। राज्य सरकार इन मौतों की जवाबदेही तय करने के बजाय (इन्हें) स्वीकार ही नहीं कर रही है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### इंसानों की सेवा



आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गोवा को ठीक करने के लिए कर रहा काम। पार्टी राजनीति में सेवा करने के लिए आई है। इंसानों की सेवा करने से भगवान की पूजा करने के समान पुण्य मिलता है। हमारी सभी धार्मिक किताबें इंसानों की सेवा करने का ज्ञान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# चरमपंथी लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण

पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। न्यायिक और सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक 'आतंकवादी समूह' को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। दो सुरक्षा और दो न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि शनिवार की रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से अधिक समय से इसी शिविर में छिपा हुआ था। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि शकर लेबनानी अधिकारियों की गिरफ्तारी में है, उससे पूछताछ की जाएगी और सेना के खिलाफ अपराध करने के नए आरोपों पर मुकदमे की तैयारी की जाएगी। शकर एक पॉप स्टार था, जो 2002 में अपने एक जबरदस्त हिट गाने के साथ पूरे अरब जगत कें बेहद लोकप्रिय हुआ था।



## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बिहार चुनावों की घोषणा से पहले मशीन रीडेबल मतदाता सूची फोटो के साथ उपलब्ध कराएं

# कांग्रेस का आरोपः जिन 5 दर्जन सीटों पर राजग प्रत्याशियों को मिली कड़ी टक्कर वैसी सीटों से 23 लाख महिलाओं के नाम काटे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बिहार मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का खुलासा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग ने एसआईआर के जरिए 23 लाख महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए हैं। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारों पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### इन विधानसभा में ऐसे हुए कम वोटर्स

लांबा ने बताया कि यह हेराफेरी पूरे बिहार में नहीं, बल्कि मात्र छह जिलों की 60 विधानसभा सीटों पर केंद्रित थी, जहां 2020 के चुनाव में इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच करीबी मुकाबला था। इनमें गोपालगंज विधानसभा में 1.5 लाख, सारण की 2.24 लाख, बेगूसराय की 1.15 लाख, समस्तीपुर की 2.18 लाख, भोजपुर की 1.41 लाख और पूर्णिया विधानसभा की 1.90 लाख महिला मतदाताओं के नाम काट दिए गए। उन्होंने बताया कि अधिकतर दलित और मुस्लिम महिलाओं के वोट काटे गए हैं, जिनके बारे में खुलकर यह बात सामने आ रही थी कि वे इस बार एनडीए को वोट नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में इन 60 सीटों पर करीबी मुकाबला रहा था, इंडिया गठबंधन ने 25 और एनडीए ने 34 सीटें जीती थीं। एक सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

### वोट फ़र्जी तो रद्द करो चुनाव

लांबा ने सवाल किया कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन महिलाओं ने वोट किया था, तो अब उनके वोट को फर्जी क्यों बताया जा रहा है। यदि ये वोट फर्जी हैं, तो भाजपा द्वारा बिहार में जीती गई लोकसभा सीटों के परिणामों को भी रद्द कर देना चाहिए। लांबा ने कहा कि महिलाओं के खाते में पैसा डाला जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जिन 23 लाख महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं, क्या उन्हें भी यह पैसा दिया जाएगा?उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस वोट चोरी नहीं होने देगी। कांग्रेस की नजर चुनाव आयोग के हर कदम पर है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चला रही है।

# देश की आधी दौलत पर 1687 लोगों का कब्ज़ा, लोकतंत्र पर मंडरा रहा गंभीर ख़तरा : जयराम रमेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में धन का भयावह केंद्रीकरण हो चुका है और यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है। उन्होंने एक विस्तृत बयान में कहा कि एक के बाद एक रिपोर्टें इस बात की पुष्टि कर रही हैं कि सिर्फ़ 1687 लोगों के पास भारत की आधी संपत्ति केंद्रित है, जबकि करोड़ों आम भारतीय अपनी रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।जयराम रमेश के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां कुछ चुनिंदा उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए तैयार की जा रही हैं। सत्ता और पूंजी का गठजोड़ बनाकर कुछ हाथों में अपार संपत्ति और ताक़त सौंपी जा रही है। इससे न केवल आर्थिक असमानता बढ़ रही है बल्कि सामाजिक असुरक्षा और व्यापक असंतोष भी गहराता जा रहा है, उन्होंने कहा।

### छोटे मंझोले उद्योगों, मनरेगा पर संकट

रमेश ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम अभूतपूर्व दबाव में हैं। यह दबाव न सिर्फ घरेलू नीतियों की विफलता का परिणाम है, बल्कि विदेश नीति की असफलताए भी इसका कारण हैं। छोटे कारोबारियों के लिए माहौल लगातार कठिन होता जा रहा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर सिमट रहे हैं और महंगाई इतनी बढ़ चुकी है कि नौकरीपेशा वर्ग भी कर्ज़ के बोझ तले दबता जा रहा है,उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर सरकारी निवेश लगातार घट रहा है और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को कमजोर किया जा रहा है। मनरेगा जैसी योजनाएँ, जिन्होंने करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का जाल मुहैया कराया था, आज 'वेतन संकट' से जूझ रही हैं। श्रमिकों को समय पर भुगतान तक नहीं मिल रहा, रमेश ने कहा।

### लोकतंत्र और विकास से बाहर किए जा रहे करोड़ों नागरिक

जयराम रमेश ने कहा कि आर्थिक शक्ति जब कुछ हाथों में सिमट जाती है तो राजनीतिक फ़ैसले भी उन्हीं के हित में होने लगते हैं। "यही वजह है कि सामाजिक और आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है और करोड़ों नागरिक धीरे-धीरे लोकतंत्र और विकास की प्रक्रिया से बाहर किए जा रहे हैं," उन्होंने कहा। कांग्रेस नेता ने इस स्थिति को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा ख़तरा बताते हुए कहा कि अगर तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भारत में सामाजिक ताना-बाना और आर्थिक स्थिरता दोनों गंभीर संकट में पड़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आप से उद्योगपति राजिंदर जाएंगे राज्यसभा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आधिकारिक रूप से पार्टी ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है।



### हाईवे पर टक्कर, हरियाणा के 3 युवकों की मौत

**हांसी।** सालासर में बालाजी के दर्शन के लिए हिसार से गए तीन युवकों की चूरू के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। हादसा नेशनल हाईवे-52 पर चूरू के पास हुआ है। जहां अज्ञात वाहन ने सालासर जा रहे युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों श्रद्धालुओं की मौत हो गई।



### 'सेक्सटॉर्शन सिंडिकेट' का मास्टरमाइंड अरेस्ट

**नूंह।** दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के नूंह में एक 'सेक्सटॉर्शन सिंडिकेट' का भंडाफोड़ करते हुए एक 26 वर्षीय आरोपी मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार किया है। वो ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। यह गिरोह सोशल मीडिया पर वीडियो कॉल करके शिकार को फंसाता था। उन्हें डरा-धमका कर पैसे ऐंठा करता था। खुद को पुलिस बताता था।



### सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका देंगे सीएम धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड में शिक्षकों की पदोन्नति पर सुप्रीम कोर्ट के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य करने के फैसले के बाद रोक लग गई है। इस फैसले का असर बेसिक और जूनियर हाईस्कूल के 18 हजार से अधिक शिक्षकों पर पड़ा है। अब मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है।



### उद्धव-राज ठाकरे 3 माह में 5वीं बार मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से ठाकरे बंधुओं की नजदीकियां सुर्खियों में हैं। लंबे समय से अलग राहों पर चल रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे रविवार को एक पारिवारिक कार्यक्रम में साथ नजर आए। यह कार्यक्रम शिवसेना सांसद संजय राउत के पोते के नामकरण समारोह का था, जो बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित एमसीए क्लब में आयोजित था।



महाराष्ट्र में शाह ने प्रवर शुगर फैक्ट्री की बढ़ी उत्पादन क्षमता का किया उद्घाटन

# शुगर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ⏭ अहिल्यानगर


### इससे सहकारिता क्षेत्र को मजबूती और स्थानीय विकास को गति मिलेगी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर दौरे पर हैं। उनका यह दौरा सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने और स्थानीय विकास को गति देने के उद्देश्य से किया गया है। अहिल्यानगर के लोणी बाजार में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के अवसर पर किसान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इस सभा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि और सहकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को सरकार की नई नीतियों और सुविधाओं से अवगत कराते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए नई योजनाओं की भी घोषणा करने की संभावना जताई।

शिरडी में पूजा-अर्चना की



### कृषि उत्पादन और सहकारिता को बढ़ावा मिलेगा

किसान सभा में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखी गई और उन्होंने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर अपनी उम्मीदें जताई। यह सभा किसानों के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आई कि उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता में है। किसानों को नई योजनाओं और विकास की दिशा में बढ़ावा देने के साथ-साथ यह दौरा राज्य और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल का भी प्रतीक माना जा रहा है। आगामी समय में इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन और सहकारिता के क्षेत्र में और भी उन्नति की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिंदे और अजित सहित कई अतिथि थे मौजूद

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार सहित कई अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरडी के साईं मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहां से सीधे वह अहिल्यानगर पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमित शाह का शिरडी में पहुंचने पर स्वागत किया।

### जब शिंदे सीएम और फडणवीस डिप्टी सीएम थे, तब...

शाह ने शिरडी स्थित साईंबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अहिल्यानगर जिले में कार्यक्रम को संबोधित किया। शाह ने कहा कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में, महाराष्ट्र के सभी मंत्री और सांसद, पद्मश्री पाटिल और पद्म विभूषण बालासाहेब विखे पाटिल के साथ, उनके योगदान को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं। मुझे इस क्षेत्र में आकर खुशी हो रही है, जो अब अहिल्याबाई के नाम से जुड़ गया है। जब शिंदे मुख्यमंत्री थे और फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे तो भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर अहिल्या बाई के नाम पर रखा था।

### पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया

उन्होंने कहा कि आज मैं भ्रवरा नगर में आया हूं, जो पूरे देश में सहकारिता पटरी के रूप में जाना जाता है। पद्मश्री विजय पाटिल साहब ने पूरा जीवन इस क्षेत्र के किसानों के कल्याण के लिए लगाया है। शाह ने सहकारिता आंदोलन की एक प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

### किसानों की सुविधा का ख्याल रख रही सरकार

शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों पर इस बार इंद्रदेव ने आफत भेजी, 60 लाख हेक्टेयर से ज्यादा किसानों की भूमि और उनकी फसल बर्बाद हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र ने 3,132 करोड़ रुपए महाराष्ट्र सरकार को दिया, जिसमें 1631 करोड़ रुपए अप्रैल महीने में देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने किसानों की मदद के लिए कई पहल शुरू की और राहत पैकेज दिया। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए फडणवीस,शिंदे और अजित की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपए की नकद सहायता और 35 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया है।

छत्तीसगढ़ में बोले शाह

### रानी दुर्गावती की जीवन गाथा पढ़कर युवा राष्ट्रहित का संकल्प लें

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने रविवार को रानी दुर्गावती की जयंती पर कहा कि देश के युवाओं को उनकी जीवन गाथा को पढ़ना चाहिए और राष्ट्रहित का संकल्प लेना चाहिए। शाह ने एक्स पर लिखा कि रानी दुर्गावती न्याय, राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक थीं, उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि न्यायप्रिय शासन, प्रजावत्सलता और मातृभूमि की रक्षा की प्रतीक थीं।

एनडीए में सीट बंटवारे की कवायद



# मांझी के घर पहुंचे प्रधान सिर्फ 15 मिनट चली बैठक

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग फाइनल करने का काम अब तेजी से होता हुआ नजर आ रहा है। रविवार को भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कई सहयोगी दलों के नेताओं से ही मुलाकात की। इसी कड़ी में भाजपा के इन नेताओं की मुलाकात केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से भी हुई, लेकिन मांझी के घर पर हुई इन नेताओं की मुलाकात बहुत छोटी रही। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लेकर भाजपा के नेता रविवार को सबसे पहले ललन सिंह से मिले। उसके बाद मांझी के आवास पहुंचे, लेकिन प्रधान के सीट शेयरिंग फॉर्मूले से मांझी नाराज हो गए हैं।

### मांझी की 7 सीटें तय

मांझी से घर पर इन नेताओं की मुलाकात का दौर मात्र 15 मिनट में समाप्त हो गया। मांझी आवास से निकलते समय भाजपा नेताओं से मीडिया से कोई बात नहीं की। इस बीच चर्चा है कि मांझी की 7 सीटें तय हो गई है। प्रधान और जीतन राम मांझी की मुलाकात में सीटों पर बात हुई। जीतन राम की पार्टी हम को 10 सीटें मिल सकती हैं, इनमें 7 सीटें तय हो गई हैं।

### मांझी की नाराजगी की वजह

मांझी की नाराजगी की वजह कम सीटें मिलने को कहा जा रहा है। मांझी बार-बार यह कह चुके हैं कि उनकी पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करना है। पार्टी को 8 विधायक अथवा 6 फीसदी वोट चाहिए। ऐसे में वो एक दर्जन से अधिक सीटों पर दावा ठोक रहे हैं।

किशनगंज में ओवैसी ने सुनाया

### पटना में बैठा शैतान, उससे रहना सावधान

एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी रविवार को मुस्लिम बहुल किशनगंज जिले के बहादुरगंज पहुंचे। यहां उन्होंने तौसीफ आलम के पक्ष मेंचुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए हुए उनकी तुलना शैतान से कीष साथ ही मजलिस पार्टी छोड़ने वाले चार विधायकों को जालिम और अहसानफरामोस करार देते हुए उन्हें हराने की अपील की। पटना में बैठा शैतान अपने लोगों को भेजेगा।

हिमाचल में बर्फबारी

# रोहतांग दर्रा बंद, 6 जिलों में लोगों को चेतावनी जारी की

एजेंसी ⏭ शिमला



हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी से लोगों की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई हैं। रविवार को रोहतांग दर्रे और धौलाधार पर्वतमाला समेत राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में सुबह ताजा बर्फबारी हुई। इससे पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार बर्फबारी के चलते कुल्लू जिला प्रशासन ने रोहतांग दर्रे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है और यात्रियों को इस मार्ग से न गुजरने की सलाह दी है। राज्य के कई हिस्सों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। अचानक अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ मैदानों में बारिश होने लगी। इस दौरान प्रदेश की ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारीहुई। धौलाधार की चोटियों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। लाहौल घाटी में भी ताजा बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है।

जेल से सोनम ने की शांति की अपील

# हम तो जेल में रहने को तैयार मौतों की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो

एजेंसी ⏭ जोधपुर



लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितंबर को हिरासत में लिया था।कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

## मांडविया का 'संडे ऑन साइकिल'



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' एंथम लॉन्च किया। रविवार को उन्होंने दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में मैराथन में भी हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष संस्करण के रूप में आयोजित किया गया। मांडविया ने 'एक्स' पर 'संडे ऑन साइकिल' एंथम शेयर करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट'ने हर घर में फिटनेस की लहर ला दी है।

रिजिजू ने राहुल को लिया आड़े-हाथ

# विदेश जाकर देशविरोधी बयान देने वाले वे पहले नेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

### भारत विश्व नेतृत्व नहीं कर सकता, राहुल का कथन गलत

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी को आड़े-हाथ लेते हुए उनके बयानों की आलोचना की है। रिजिजू ने कहा कि अब तक कोई भी विपक्ष के नेता विदेश जाकर देश या सरकार के खिलाफ बयान नहीं देता था, लेकिन राहुल पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने विदेश में जाकर देश, हमारे सिस्टम और लोकतंत्र के खिलाफ बात की है। उन्होंने नाम लेकर इंदिरा गांधी, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद पवार जैसे नेताओं का उदाहरण दिया।

अब तक किसी नेता ने विदेश में निंदा नही की



### वे कश्मीर और पूर्वोत्तर को अलग करना चाह रहे

रिजिजू ने जोर दिया कि कोलंबिया में राहुल को जेन-जी की बात नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को जनरेशन जेड के बारे में बोलना सही नहीं है। नई पीढ़ी ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया है और वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ी है। युवा भ्रष्टाचार और एक परिवार के कब्जे वाली राजनीति के खिलाफ है और खासकर कांग्रेस के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग कश्मीर को भारत से अलग करना चाहते हैं या पूर्वोत्तर को अलग करना चाहते हैं, वे खुद अभिव्यक्ति की आजादी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

### देश को तोड़ने की साजिश रच रहे

उन्होंने कहा कि अगर कोई देश को तोड़ने की बात करता है, माओवादियों का समर्थन करता है या कश्मीर में अनुच्छेद 370 का समर्थन करता है, तो वह असली अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। राहुल असली आजादी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं।

सरकार पर कांग्रेस का प्रहार

### पाकिस्तान को फाइटर जेट इंजन दे रहा रूस, यह मोदी सरकार की नाकामी

पाकिस्तान को रूस द्वारा फाइटर जेट इंजन देने की खबर को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि दशकों से हमारा सबसे भरोसेमंद साथी रूस आज भारत की अपील को नजर अंदाज कर पाक को आरडी -93 एमए इंजन देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए जयराम रमेश ने कहा कि यह सरकार की नाकामी है।



'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बूस्ट

# नमो सेमीकंडक्टर लैब से मजबूत होगा भारत का चिप डिजाइन ईकोसिस्टम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत बनाने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में आईआईटी भुवनेश्वर में 'नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला' की स्थापना को मंजूरी दी है। यह इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से दिया गया। इस परियोजना को एमपीएलएडी योजना के तहत धनराशि मिलेगी। इसकी लागत 4.95 करोड़ रुपए है। यह नई प्रयोगशाला 'मेक इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' पहलों को और बढ़ावा देगी।



### प्रतिभाओं को विकसित करेगी

मंत्रालय ने कहा कि नमो सेमीकंडक्टर लैब युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल प्रदान करके भारत के विशाल प्रतिभा पूल में योगदान देगी। यह लैब आईआईटी भुवनेश्वर को सेमीकंडक्टर अनुसंधान और कौशल विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। यह लैब पूरे भारत में स्थापित होने वाली चिप निर्माण और पैकेजिंग इकाइयों के लिए प्रतिभाओं को विकसित करने में सहायता करेगी।

## खबर संक्षेप



### चीन, इंडोनेशिया से इस्पात डंपिंग की जांच की शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद चीन, इंडोनेशिया और वियतनाम से कुछ इस्पात वस्तुओं की कथित डंपिंग की जांच शुरू कर दी है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इन तीन देशों से '300 और 400 श्रृंखला के कोल्ड रोल्ड फ्लैट उत्पादों' के आयात की एंटी-डंपिंग जांच शुरू कर दी है।

### वोस्ट्रो खाते से कॉरपोरेट बांड में निवेश की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश से बाहर रहने वाले व्यक्तियों को विशेष रुपया वास्ट्रो खातों के जरिये कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों में निवेश करने की मंजूरी दे दी। इससे पहले, ऐसी संस्थाओं को केवल ट्रेजरी बिलों समेत केंद्र सरकार की



प्रतिभूतियों में अपने खाते के अधिशेष रुपये का निवेश करने की मंजूरी थी। आरबीआई ने कहा, 'अब यह निर्णय लिया गया है।

### पीवीआर को त्योहारी सत्र में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दशहरे के सप्ताहांत में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित सिनेमा प्रदर्शक पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड को इस साल एक बेहतरीन त्योहारी सत्र की उम्मीद है। कंपनी के सिनेमा हॉल में पहले ही 50 प्रतिशत दर्शकों की संख्या पार हो चुकी है। पीवीआर आईनॉक्स ने कहा कि इस दशहरे, जिस दिन गांधी जयंती भी थी, में अब तक 8.5 लाख से ज्यादा दर्शकों ने उसके सिनेमा हॉलों में प्रवेश किया और दर्शकों की संख्या 50 प्रतिशत को पार कर गई है।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### देश में त्योहारी यात्रा में रिकॉर्ड तेजी देखने मिल रही

# दिवाली पर यात्रा में रिकॉर्ड उछाल, भारतीयों ने त्योहार को आस्था और सैर-सपाटे से जोड़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल दीपावली के मौके पर देश में त्योहारी यात्रा में रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यात्री अब पारंपरिक पारिवारिक समारोहों को लक्जरी छुट्टियों और आध्यात्मिक यात्राओं के साथ जोड़ रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन यात्रा मंचों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया है।

- यात्री पारंपरिक समारोह को लक्जरी छुट्टियों के साथ जोड़ रहे

मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मागो ने कहा कि दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाना अब भी त्योहारों के समय यात्रा का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कई भारतीय दिवाली मनाने के लिए अपने गृहनगर लौटते हैं। मागो ने कहा, ''इसलिए सबसे ज्यादा बुक किए गए शीर्ष 10 गंतव्यों में से पांच महानगर हैं (दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई)। इस साल चूंकि त्योहार सप्ताह के शुरुआती दिनों में पड़ रहा है, इसलिए कई यात्री लंबी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए उससे पहले वाले शुक्रवार से ही अपनी यात्रा की बुकिंग कर रहे हैं।''

#### खास बातें

- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया
- दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाना त्योहारों में सबसे बड़ा कारण



#### तीर्थ स्थलों पर जाने वालों की संख्या बढ़ी

मागो ने बताया कि तीर्थ स्थलों पर जाने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो दर्शाता है कि किस तरह लोग पारिवारिक मिलन को अब आध्यात्मिकता से जोड़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूएई, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम जैसे पास के देश इस बार भारतीयों की पसंदीदा सूची में शामिल हैं।

#### नए गंतव्यों की खोज पर जोर

*थॉमस कुक (इंडिया) के अध्यक्ष और कंट्री हेड (हॉलीडेज, एमआईसीई, वीजा) राजीव काले ने कहा कि अब पूरा परिवार, जिनमें कई पीढ़ियां शामिल हैं, दीवाली जैसे त्योहारों को साथ मिलकर मनाना चाहता है। साथ ही वे पसंदीदा या नए गंतव्यों की खोज करने पर जोर दे रहे हैं।*

#### 12 दिन की लंबी छुट्टियां ले रहे

काले ने बताया, ''अब यात्री तीन दिन की पारंपरिक छुट्टियों की बजाय छह से 12 दिन की लंबी छुट्टियां ले रहे हैं। स्कूल की छुट्टियों का लाभ उठाकर कई पीढ़ी वाले परिवार यात्रा पर निकल रहे हैं, जबकि युवा और कामकाजी लोग सप्ताहांत और त्योहारों की छुट्टियों को जोड़कर छुट्टियों को लंबा बना रहे हैं।''

#### कम दूरी के देश बने पसंदीदा

शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पसंदीदा देशों में यूरोप के स्विट्जरलैंड, फ्रांस, इटली, ऑस्ट्रिया, स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं। काले ने कहा कि कम दूरी के पसंदीदा देशों में वियतनाम, ओमान, मालदीव और बाली शामिल हैं तथा कंबोडिया भी मजबूती से उभर रहा है।

#### वीजा मुक्त मांग में वृद्धि जारी

काले ने कहा कि थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, दुबई-अबू धाबी, इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे वीजा मुक्त और आसान वीजा गंतव्यों से मांग में वृद्धि जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर यात्री केरल, राजस्थान, उत्तराखंड, अंडमान और चार धाम कैलाश मानसरोवर, अयोध्या और वाराणसी जैसे आध्यात्मिक स्थलों को चुन रहे हैं।

# आगामी सप्ताह सोने के दाम अस्थिर रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आने वाले सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रह सकते हैं, क्योंकि निवेशक अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक, श्रम बाजार के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

- निवेशक, श्रम बाजार व फेड के बयानों पर नजर रखेंगे

विश्लेषकों ने कहा कि बृहस्पतिवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण जारी होने से भी सर्राफा बाजार की धारणा प्रभावित होने की संभावना है। जेपीएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, आने वाला सप्ताह अपेक्षाकृत कम आंकड़ों वाला है, लेकिन अस्थिरता ज्यादा रहने की उम्मीद है। मुनाफावसूली बढ़ सकती है, जिसके बाद नए सिरे से खरीदारी भी हो सकती है। आने वाले सप्ताह में ध्यान अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक पर रहेगा, जबकि आंकड़ों के मोर्चे पर श्रम बाजार पर नजर होगी। उन्होंने कहा, ''फेडरल रिजर्व की आधिकारिक टिप्पणी पर बृहस्पतिवार को फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के भाषण के साथ कड़ी नजर रहेगी।'' मेर ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 3.5 से 4 प्रतिशत और वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी कमजोर अमेरिकी डॉलर और आंशिक अमेरिकी सरकार के बंद होने की चिंताओं के कारण हुई है, जिससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के जारी होने में देरी हुई है।



#### पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 2.8 फीसदी की वृद्धि

अल्फा मनी में इक्विटी और पीएमएस के प्रबंध साझेदार ज्योति प्रकाश ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में बढ़ती हिस्सेदारी, केंद्रीय बैंकों की संभावित नई मांग और सट्टेबाजी की मजबूत स्थिति सोने की कीमतों में इस उछाल को बढ़ावा दे रही है।

# रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में सितंबर में मामूली गिरावट देखी गई, लेकिन इसका देश की कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सा बना रहा। गौरतलब है कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाया है।

- कच्चे तेल के आयात में सितंबर में मामूली गिरावट दिखी

सितंबर में भारत का कच्चा तेल आयात लगभग 47 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो मासिक आधार पर 2.2 लाख बैरल प्रतिदिन अधिक था और सालाना आधार पर स्थिर रहा। रूसी कच्चे तेल ने भारत के सबसे बड़े एकल आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी। भारत के कुल तेल आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 16 लाख बैरल प्रतिदिन या 34 प्रतिशत रही। वैश्विक व्यापार विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला कि यह 2025 के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित औसत रूसी तेल से लगभग 1.6 लाख बैरल प्रतिदिन कम था।

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया ने कहा, ''गिरावट के बावजूद, रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए सबसे किफायती विकल्पों में से एक बना हुआ है।'' इराक भारत का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था, उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा।



#### अमेरिका पहले भारत का पांचवां बड़ा आपूर्तिकर्ता था

अमेरिका 2.06 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ भारत का पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था। रिटोलिया ने कहा कि रिफाइनरी स्पष्ट रूप से पश्चिम एशिया, अमेरिका और अफ्रीका में विविधीकरण पर जोर दे रही हैं, लेकिन रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा।

# टाटा कैपिटल, एलजी अगले हफ्ते लाएंगे आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो प्रमुख कंपनियां टाटा कैपिटल लिमिटेड और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करने की तैयारी में हैं, जिनका कुल मूल्य 27,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इन दोनों निर्गमों के आकार और उनके मूल समूहों के कद को देखते हुए, इनमें निवेशकों की गहरी दिलचस्पी की उम्मीद है। ये आईपीओ ऐसे समय में आ रहे हैं, जब व्यापक इक्विटी बाजार में तनाव के बावजूद, भारतीय प्राथमिक बाजार में तेजी है। वर्ष 2025 में कुल 78 कंपनियां पहले ही आईपीओ के जरिये मुख्य बाजार में प्रवेश कर चुकी हैं, और इस महीने कई निर्गम आने की योजना है।

- कुल निर्गम मूल्य होगा 27,000 करोड़ रुपए

इस साल अब तक सबसे बड़ा निर्मग 15,512 करोड़ रुपये का टाटा कैपिटल का आईपीओ है। यह छह अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और आठ अक्टूबर को बंद होगा। इस पेशकश में 21 करोड़ शेयरों का नया निर्गम और 26.58 करोड़ शेयरों बिक्री पेशकश शामिल है। इसके ठीक बाद, दक्षिण कोरिया के एलजी समूह की भारतीय शाखा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड 7-9 अक्टूबर तक अपना 11,607 करोड़ रुपये का आईपीओ अभिदान के लिए खोलेगी। पिछले साल हुंडई मोटर्स इंडिया के सूचीबद्ध होने के बाद यह भारतीय बाजारों में प्रवेश करने वाली दूसरी दक्षिण कोरियाई कंपनी होगी। एलजी का आईपीओ पूरी तरह 10.18 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है। टाटा कैपिटल के शेयर 13 अक्टूबर को सूचीबद्ध होने की उम्मीद है, जबकि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयर 14 अक्टूबर को सूचीबद्ध होंगे।इसके अलावा रूबिकॉन रिसर्च का 1,377.5 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम नौ अक्टूबर को खुलेगा, और वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट का 3,000 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम अभी चल रहा है।




# इस सप्ताह तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्लेषकों के मुताबिक इस सप्ताह शेयर बाजार में कारोबारी धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों से तय होगी।

- व्यापक आर्थिक आंकडें, वैश्विक रुझान भी असर डालेंगे

कारोबारी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे, जो सितंबर में भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता रहे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय इक्विटी से 23,885 करोड़ रुपये निकाले और इस साल अब तक 1.58 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के आय सत्र की शुरुआत हो रही है, और आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ अक्टूबर को अपने नतीजे घोषित करेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र के ऋण और जमा वृद्धि के आंकड़ों पर कड़ी नजर रहेगी।'' इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशकों की नज़र रहेगी।



#### बाजार का ध्यान कंपनियों के लाभ पर होगा

ऑनलाइन कारोबार फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि व्यापक संकेतों के स्थिर होने के साथ ही बाजार का ध्यान दूसरी तिमाही की आय और प्रबंधन की टिप्पणियों पर जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई।

### एफएंडओ में बड़ा बदलाव! एनएसई ने निफ्टी समेत 4 इंडेक्सों का लॉट साइज घटाया




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इंडेक्स डेरिवेटिव ट्रेडिंग से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। अब निफ्टी और बैंक निफ्टी जैसे प्रमुख इंडेक्स में ट्रेडिंग के लिए कम लॉट साइज की जरूरत होगी, जिससे निवेशकों का मार्जिन घटेगा और ट्रेडिंग आसान बनेगी। एनएसई ने 3 अक्टूबर 2025 को जारी सर्कुलर में बताया कि प्रमुख इंडेक्स डेरिवेटिव्स के मार्केट लॉट को घटाया जा रहा है।अब निफ्टी 50 के लॉट 75 से घटकर 65, बैंक निफ्टी के 35 से घटकर 30 और फिन निफ्टी के 65 से घटकर 60 हो जाएंगे। वहीं निफ्टी मिड सेलेक्ट के लॉट 65 से घटाकर 60 और मिडकैप निफ्टी के 140 से घटाकर 120 कर दिए गए हैं। इस बदलाव से छोटे निवेशकों के लिए इंडेक्स ट्रेडिंग अधिक सुलभ और किफायती हो जाएगी। एनएसई ने बताया कि यह बदलाव 28 अक्टूबर 2025 के अंत से प्रभावी होगा। हालांकि, दिसंबर 2025 तक चलने वाले साप्ताहिक और मासिक कॉन्ट्रैक्ट्स पर पुराने लॉट साइज ही लागू रहेंगे। नए लॉट साइज का प्रभाव दिसंबर 2025 के बाद आने वाले क्वार्टरली और हाफ-ईयर कॉन्ट्रैक्ट्स पर पड़ेगा। इस तरह निवेशकों को नए सिस्टम के अनुकूल होने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# भारत में मसेराति के दो सुपरकारों की एंट्री, कीमत 4.12 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रीमियम ब्रांड मसेराति ने भारत में अपने नए सुपरकार एमसी पुरा और एमसी पुरा सिएलो को लांच कर दिया। ये कारें मसेराति के एमसी20 सुपरकार का नया वर्जन हैं और ग्लोबल लांच के सिर्फ तीन महीने बाद भारत में आ गई हैं। दोनों मॉडल्स में 3.0-लीटर वी6 टर्बो पेट्रोल इंजन लगा है जो 630बीएचपी की पावर और 720एनएम का टॉर्क देता है। कंपनी का दावा है कि कार सिर्फ 2.9 सेकंड में 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेता है। कंपनी ने एमसीपुरा की कीमत 4.12 करोड़ एमसीपुरा सिएलो की 5.12 करोड़ रुपए रखी है।

#### इंटीरियर भी है दमदार

इंटीरियर भी बेहद अट्रैक्टिव है। दोनों मॉडल्स में एआई कंटारा सीट्स लगी हैं जिन पर लेजर इचिंग से 3डी इफेक्ट दिया गया है। कूप में ग्लॉसी डिटेलिंग है जबकि कंर्वटेबल सिएलो में मैट डिटेलिंग दी गई है। इसके अलावा, कार के अन्य इंटरियर एलिमेंट्स भी स्टाइलिश और प्रीमियम फील देते हैं।



#### डिजाइन एग्रेसिव व स्पोर्टी

डिजाइन की बात करें तो एमसीपुरा, एमसी20 से भी एग्रेसिव और स्पोर्टी दिखती है। इसे डल्लारा ने वायुगतिकी के लिहाज से ट्यून किया है। कार का सबसे खास फीचर है इसका नया एआई एक्वा रैनबो कलर जो धूप में बदलता है और रेनबो जैसा इफेक्ट देता है। कूप मैट फिनिश में आता है जबकि खुलने वाला सिएलो ग्लॉसी फिनिश के साथ है। दोनों में बटरफ्लाई दरवाजे, कार्बन फाइबर मोनोकॉक चेसिस और सिएलो में रिट्रैक्टेबल ग्लास रूफ जैसी खूबियाँ दी गई हैं।

#### स्टाइल के साथ परफॉर्मेंस भी

कुल मिलाकर एमसीपुरा और एमसीपुरा सिएलो अपने स्टाइल, परफॉर्मेंस और लग्जरी के साथ मसेराति की नई सुपरकार लाइनअप को एक नया मुकाम दे रही हैं। यह कारें केवल तेज और स्पोर्टी ही नहीं बल्कि हर तरह से प्रीमियम और शानदार अनुभव देने वाली हैं। भारत में सुपरकार प्रेमियों के लिए यह एक शानदार विकल्प साबित हो सकती हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 84 BNSS देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू पुत्र राज कुमार निवासी 716, गली नंबर 198, राज मेडिकोज के पास, पुस्ता सोनिया विहार, दिल्ली** और **सरफराज उर्फ आमिर पुत्र मोहम्मद सलाम निवासी 221, डी–ब्लॉक, गली नंबर–01, हंसराज डेयरी, 5वां पुस्ता, भजनपुरा, दिल्ली** ने **FIR No. 497/2021, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 497/2021, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोन** और **सरफराज उर्फ आमिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13451/NE/2025(Court Matter)


## शब्द पहेली - 6010




**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

### शब्द पहेली- 6009 का हल





# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप : भारत घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी।

उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप के साथ मेजबान भारत सोमवार से यहां नेशनल सेंटर में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है और इसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है।

### शानदार फॉर्म में इंडोनेशिया

*पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। इंडोनेशिया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा (जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं), वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं।*

### दूसरी वरीयता प्राप्त भारत सोमवार को ग्रुप एच में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा



**भारत की उम्मीदें चौहान और दतू टीटी पर :** *बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दतू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी। एनसीई, गुवाहाटी में होने वाली चैंपियनशिप में दर्शकों के लिए मुफ्त प्रवेश है। टीम और व्यक्तिगत चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा और शुरुआती राउंड से लेकर क्वार्टर फाइनल तक सभी 9 कोर्ट का सीधा प्रसारण बीएआई यूट्यूब पर किया जाएगा।*

### पदक का प्रबल दावेदार भारत

ग्रुप-एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है। इसमें प्रत्येक सेट में 45 अंकों की रेस होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, बीएआई की ओर से गुवाहाटी में होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा। उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और इसके बाद नॉक-आउट चरण में भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। इसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### चेकमेट प्रतियोगिता में नाकामूरा से हारे गुकेश



**नई दिल्ली।** हिकारु नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराया, जिससे अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश ने भारत को 5-0 से रौंद दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

### अंडर-17 फुटबॉल टीम जाएगी बीजिंग



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 8 और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। ये दोनों मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्टूबर को चीन पहुंचेगी।

### शंघाई मास्टर्स : पेरीकार्ड को हराकर फ्रिट्ज ने किया उलटफेर

**शंघाई।** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

**महिला विश्व कप**
**क्रांति और दीप्ति को 3-3 विकेट**

### भारत ने लगातार चौथे संडे पाकिस्तान को दी मात

# भारतीय महिला टीम ने पाक को 88 रन से हराया, वनडे में अजेय क्रम जारी रखा

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रन से हराकर इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ वनडे में जीत के सिलसिले को जारी रखा। भारतीय महिलाओं ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की और वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ 12वें मुकाबले में जीत दर्ज कर शत प्रतिशत रिकॉर्ड कायम रखा। विश्व कप में यह पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पांचवीं जीत है। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका को हराया था जबकि पाकिस्तान की यह दूसरी हार है। एशिया कप में भारत की पुरुष टीम की पाकिस्तान की टीम से 'हाथ नहीं मिलाने की नीति' पर कायम रहते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के दौरान पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। मैच रैफरी द्वारा टॉस के फैसले में हुई गलती के कारण टॉस पाकिस्तान के पक्ष में चला गया जिसने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम हरलीन देओल की 65 गेंद में संयम से खेली गई 46 रन की पारी और अंत में रिचा घोष के 20 गेंद में तेजी से बनाए गए नाबाद 35 रन से धीमी पिच पर संघर्ष करते हुए पारी की अंतिम गेंद पर 247 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गई।



इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम शीर्ष क्रम के चरमराने के उबर नहीं सकी और सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन की 81 रन की जुझारू पारी के बावजूद 43 ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई। सिदरा अमीन ने भारतीय क्षेत्ररक्षकों द्वारा दिए गए जीवनदान का फायदा उठाते हुए 106 गेंद में नौ चौके और एक छक्का जड़ित पारी खेली। उनके अलावा सिर्फ नतालिया परवेज (33 रन) और सिदरा नवाज (14 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत के लिए क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो विकेट मिले। पाकिस्तान ने 26 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कभी भी पाकिस्तान की बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और लगातार अंतराल पर विकेट झटकना जारी रखा।

**भारत-247/10 (50)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रतिका बो सादिया इकबाल | 31 |
| स्मृति पगबाधा बो फातिमा सना | 23 |
| देओल का नशरा संधू बो रमीन | 46 |
| हरमनप्रीत का नवाज बो डायना | 19 |
| जेमिमा पगबाधा बो नशरा संधू | 32 |
| दीप्ति का नवाज बो डायना | 25 |
| स्नेह का रियाज बो फातिमा सना | 20 |
| रिचा घोष नाबाद | 35 |
| श्री चरणी का परवेज बो सादिया | 01 |
| क्रांति का रियाज बो डायना बेग | 08 |
| रेणुका का नवाज बो डायना बेग | 00 |

अतिरिक्त : 07
कुल : 50 ओवर में 247 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-48, 2-67, 3-106, 4-151, 5-159, 6-201, 7-203, 8-226, 9-247
गेंदबाजी: सादिया इकबाल 10-0-47-2, डायना बेग 10-1-69-4, फातिमा सना 10-2-38-2, रमीन शमीम 10-0-39-1, नाशरा संधू 10-0-52-1

**पाक-159/10 (43)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मुनीबा अली रन आउट | 02 |
| सदफ का एवं बो क्रांति गौड़ | 06 |
| सिदरा का हरमनप्रीत बो राणा | 81 |
| आलिया का दीप्ति बो क्रांति गौड़ | 02 |
| नतालिया का (सब) बो क्रांति गौड़ | 33 |
| फातिमा सना का स्मृति बो दीप्ति | 02 |
| सिदरा नवाज का एवं बो राणा | 14 |
| रमीम शमीम बो दीप्ति | 00 |
| डायना बेग रन आउट | 09 |
| नशरा संधू नाबाद | 02 |
| सादिया इकबाल | 00 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 43 ओवर में 159 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-6, 2-20, 3-26, 4-95, 5-102, 6-143, 7-146, 8-150, 9-158
गेंदबाजी : रेणुका सिंह 10-1-29-0, क्रांति गौड़ 10-3-20-3, स्नेह राणा 8-0-38-2, श्री चरणी 6-1-26-0, दीप्ति शर्मा 9-0-45-3

### टॉस में मैच रैफरी से गलती, पाकिस्तान के पक्ष में दिया फैसला



*भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को महिला विश्व कप मुकाबले के टॉस के दौरान मैच रेफरी शांड्रे फ्रिट्ज से गलती हो गई। इस गलती की वजह से उन्होंने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को टॉस विजेता घोषित कर दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला और सना ने 'टेल्स' कहा लेकिन फ्रिट्ज ने सुनने में गलती की और इसे 'हेड्स' समझ लिया। फिर प्रस्तोता मेल जोन्स ने भी उन्हें टॉस विजेता घोषित किया। सिक्का 'हेड्स अप' गिरा लेकिन टॉस का विजेता पाकिस्तान को माना गया, जिससे उन्होंने बादलों से भरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना।*

# सिमरन शर्मा, प्रीति और नवदीन को रजत पदक

### भारत का अभियान 22 पदकों के साथ खत्म





भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सिमरन शर्मा ने थकान और पीठ में दर्द के बावजूद प्रेरणादायक प्रदर्शन किया और महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को यहां भारत का अभियान रिकॉर्ड 22 पदक के साथ समाप्त हुआ। प्रतियोगिता के आखिरी दिन भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते। भारत का अभियान इस तरह छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। महिलाओं की 100 मीटर टी35 एथलीट प्रीति पाल ने मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए रजत पदक जीता। शुरुआत में पिस्टल की खराबी के कारण उन्हें दो बार गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में दौड़ना पड़ा। एफ41 भाला फेंक स्पर्धा में पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और उन्हें रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। भारत पदक तालिका में दसवें स्थान पर रहा। अगर नवदीप और ऊंची कूद खिलाड़ी प्रदीप कुमार अपने ख्याति के अनुरूप शीर्ष स्थान हासिल रहे होते तो भारत आसानी से चौथे स्थान पर आ सकता था। पुरुषों की 200 मीटर टी44 स्पर्धा के एथलीट संदीप ने 23.60 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ अप्रत्याशित रूप से कांस्य पदक जीत भारत के पदकों की संख्या में इजाफा किया।

### नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते



कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'फिर मुझे 18 साल की उम्र में मेरी पहली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया और मैं बस अनुभव के लिए गई और फिर यही मेरा काम बन गया।' मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने के दौरान दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाने वाली कॉकरॉफ्ट 2011 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के बाद से कोई बड़ा फाइनल नहीं हारी हैं। उन्होंने चार पैरालंपिक खेलों में भाग लिया है और नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते।

## अनीसीमोवा ने जीता चाइना ओपन का खिताब, विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने चाइना ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। यह चाइना ओपन में उनका पहला खिताब है। बीस साल की नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारुप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

## वालीशेट्टी ने जीता अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब



**अल ऐन (यूएई)।** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। तस्नीम ने मुकाबले में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन श्रेयांशी ने अपना धैर्य बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक गेम तक ले गईं। इसी लय को जारी रखते हुए श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं ।

# रजत की टीम को हराकर विदर्भ तीसरी बार जीता ईरानी कप का खिताबा

एजेंसी ▶▶| नागपुर

यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा।

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



**तायडे और ढुल चुना गया मैन ऑफ द मैच**

### ठाकुर और ढुल के बीच मैदान में हुई तनातनी

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिए। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग: चेल्सी ने लीवरपूल को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया, जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरुरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

## ला लीगा टूर्नामेंट: विलारीयाल को हराकर शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड।

विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया, जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए। इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी।लेवांते ने ओविएडो को 2-0 से हराया।

## सिरी ए टूर्नामेंट : क्रेमोनेस पर इंटर मिलान की एकतरफा जीत

एजेंसी ▶▶| मिलान

लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है। मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली



(209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## महज तीन माह में लग जाएगी एग्रीमेंट पर मुहर

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इधर टैरिफ लगाते रहे उधर, भारत ने यूरोप के साथ कर ली ट्रेड डील!

*रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेड डील यूरोपीय संघ को वैश्विक अस्थिरता के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन भारत के लिए यह सुधारों और विकास के एक दशक के बाद विश्वास का एक रणनीतिक कदम होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) अगले तीन महीनों में ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं, जिसमें कृषि, स्थिरता और बाजार पहुंच से संबंधित मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है।

वन वर्ल्ड आउटलुक की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख के कारण भारत और ईयू के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत और तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग बेस, डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार और उच्च घरेलू उपभोग, भारत को चीन का विकल्प तलाशने वाली यूरोपीय कंपनियों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है।

### बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग बेस, डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार होगा

### रूस और चीन पर निर्भरता कम करना हो जाएगा आसान

**अब भारत के एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में उभरेगा**



### चिली के साथ अक्टूबर और पेरू के साथ नवंबर में होगी व्यापार वार्ता

भारत और दो दक्षिण अमेरिकी देशों चिली तथा पेरू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर अगले दौर की बातचीत क्रमशः अक्टूबर और नवंबर में होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चिली के साथ पांच दिवसीय वार्ता 27 अक्टूबर को सैंटियागो में शुरू होगी, जबकि पेरू के साथ तीन दिवसीय विचार-विमर्श तीन नवंबर को लीमा में शुरू होगा। दोनों समझौतों पर अलग-अलग बातचीत की जा रही है। भारत चिली के साथ दूसरे दौर की व्यापार वार्ता तथा पेरू के साथ आठवें दौर की बातचीत करेगा। भारत और चिली ने 2006 में एक अधिमान्य व्यापार समझौता (पीटीए) लागू किया था और अब वे एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए इसके दायरे को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच हुए पीटीए को और आगे बढ़ाना है और इसमें डिजिटल सेवाएं, निवेश संवर्धन और सहयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों को शामिल करना है। भारत और चिली के बीच द्विपक्षीय व्यापार सामान्य सा है। वित्त वर्ष 2024-25 में, चिली को भारत का निर्यात 2.46 प्रतिशत घटकर मात्र 1.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, आयात 72 प्रतिशत बढ़कर 2.60 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

## यूरोप ने भारत को बनाया अहम भागीदार

रूस और चीन पर निर्भरता कम करने के यूरोप के प्रयासों ने भारत को अपनी विविधीकरण रणनीति में एक महत्वपूर्ण भागीदार बना दिया है। भारत ने यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिजम (सीबीएएम) से जुड़े बाध्यकारी स्थिरता प्रावधानों का विरोध किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को उन ऐतिहासिक उत्सर्जनों के लिए दंडित करने को 'अनुचित' बताया है जो उन्होंने पैदा नहीं किए हैं। अगर भारत और ईयू के बीच यह ट्रेड डील अंतिम रूप लेती है।

## क्यों अहम है ये ट्रेड डील?

*भारत और ईयू के बीच होने वाली ट्रेड डील काफी अहम होगी। इससे वैश्विक स्तर पर व्यापार में बदलाव आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेड डील यूरोपीय संघ को वैश्विक अस्थिरता के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन भारत के लिए यह सुधारों और विकास के एक दशक के बाद विश्वास का एक रणनीतिक कदम होगा। जहां यूरोपीय संघ का दृष्टिकोण अपने बाजार को वैश्विक अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता से प्रेरित है, वहीं भारत की प्रेरणा रणनीतिक है। नई दिल्ली इस समझौते को हताशा की कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि अपने वैश्विक आर्थिक आत्मविश्वास के दावे के रूप में देखती है।*







Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.